Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित
# समय दर्शन
ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 285 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये | दुर्ग, गुरूवार 21 अगस्त 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### मनीषा हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की एंट्री, कहा- 'पुलिस से इंसाफ नहीं मिला तो हम करेंगे फैसला

**भिवानी ।** हरियाणा के भिवानी में 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा की नृशंस हत्या को लेकर बढ़ते जन आक्रोश के बीच राज्य सरकार ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का फैसला किया है। इसी बीच, इस सनसनीखेज मामले में अब कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग की भी एंट्री हो गई है, जिसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर चेतावनी दी है कि अगर पुलिस न्याय नहीं दिला सकी तो वे खुद ही कातिलों को मौत के घाट उतार देंगे। जानकारी के अनुसार, शिक्षिका मनीषा 11 अगस्त को स्कूल से निकलने के बाद एक नर्सिंग कॉलेज में दाखिले की पूछताछ के लिए गई थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। दो दिन बाद, 13 अगस्त को उसका शव भिवानी के एक खेत से बरामद हुआ था। इस घटना के बाद से ही पूरे प्रदेश में भारी गुस्सा है और लोग सड़कों पर उतरकर न्याय की मांग कर रहे हैं। मनीषा हत्याकांड को लेकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई है, जिसमें गोल्डी ढिल्लों और लॉरेंस बिश्नोई का जिक्र है। पोस्ट में लिखा है, अगर हरियाणा पुलिस इंसाफ नहीं दिलवा पाई तो हम कातिल को मौत के घाट उतार देंगे। इस पोस्ट को हरियाणा में लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के बीच अपने वर्चस्व को स्थापित करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है।

इतना ही नहीं, इसी पोस्ट में कनाडा के ब्रैम्पटन में हुई सोनू छाठा की हत्या की जिम्मेदारी भी ली गई है। पोस्ट के मुताबिक, सोनू छाठा लॉरेंस के करीबी एमपी धनुआ के मर्डर की साजिश में शामिल था और लॉरेंस के नाम पर उगाही कर रहा था, जिस वजह से उसे मारा गया। बता दें कि गोल्डी ढिल्लों कनाडा में है जबकि लॉरेंस बिश्नोई भारत की जेल में बंद है। इस नई धमकी ने मामले में एक खतरनाक मोड़ ला दिया है और पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती और बढ़ा दी है।

### अब स्कूली किताबों में गूंजेगी 'ऑपरेशन सिंदूर' की शौर्यगाथा, एनसीआरटीई ने जारी किया विशेष मॉड्यूल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने पहली बार भारतीय वायु सेना के ऐतिहासिक 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक विशेष मॉड्यूल जारी किया है। इसे तीसरी से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए पूरक सामग्री के रूप में तैयार किया गया है। इस मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों को न केवल भारत की सैन्य क्षमता और सुरक्षा रणनीति से परिचित कराना है, बल्कि यह भी समझाना है कि ऐसे ऑपरेशन देश की शांति और अखंडता बनाए रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
जारी किए गए मॉड्यूल में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के सीधे आदेशों पर किया गया था। भले ही पाकिस्तान ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया हो, लेकिन हृष्टश्वक्रञ्ज के इस दस्तावेज़ में कहा गया है कि यह हमला उसकी साजिश का ही हिस्सा था। जवाब में, भारतीय वायु सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया और पाकिस्तान के कंट्रोल सेंटरों, राडारों, सतह से हवा में मार करने वाले हथियारों, रनवे और विमानों के हैंगरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव बने मंत्री

# छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल का विस्तार, 3 नए मंत्रियों ने ली शपथ

### साय ने तीनों नए मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

### राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह सपन्न



**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्री शामिल हो गए हैं। तीन विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है। राजभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

तीन नये मंत्रियों की बात करें तो इसमें दुर्ग संभाग से दुर्ग शहर विधायक विधायक गजेंद्र यादव, सरगुजा संभाग से अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और रायपुर संभाग से आरंग विधायक और सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब नए मंत्री पद की शपथ ली। गौर करने वाली बड़ी और खास बात ये है कि ये तीनों नेता पहली बार विधायक बने हैं और पहली विधायकी में ही मंत्री बनने जा रहे हैं।

सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट में शामिल तीनों नए मंत्रियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-आज शपथ लेने वाले मेरे कैबिनेट के नए सदस्य गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी मंत्रीगण पूरी निष्ठा और लगन से जनता की सेवा कर विकास और सुशासन का सुनहरा अध्याय रचेंगे। सभी साथियों को शुभेच्छा।

### हरियाणा की तर्ज पर होंगे 14 मंत्री

हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाये गए हैं। अब छत्तीसगढ़ में पहली बार मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हो जायेंगे।

### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीपरिषद के सदस्यगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना भी उपस्थित थे।

### सीएम समेत हो जायेंगे 14 मंत्री

1. विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री
2. अरुण साव, उप मुख्यमंत्री
3. विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री
4. ओपी चौधरी, वित्त मंत्री
5. केदार कश्यप, वन मंत्री
6. दयाल दास बघेल, खाद्य मंत्री
7. टंकराम वर्मा, राजस्व, खेल मंत्री
8. लखन लाल देवांगन, उद्योग मंत्री
9. श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री
10. रामविचार नेताम, कृषि, आदिम जाति कल्याण मंत्री
11. लक्ष्मी राजवाड़े, महिला बाल विकास मंत्री
12 **गजेंद्र यादव (नये मंत्री)**
13. **राजेश अग्रवाल (नये मंत्री)**
14. **खुशवंत साहेब (नये मंत्री)**

# गिरफ्तारी या 30 दिन हिरासत पर पीएम-सीएम का पद जाएगा:5 साल+ सजा वाले अपराध में लागू होगा; सरकार बिल लाई

### विपक्ष का विरोध

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री या कोई भी मंत्री किसी ऐसे क्राइम में अरेस्ट या 30 दिन की हिरासत में रहता है, जिसकी सजा 5 साल या उससे ज्यादा हो तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा।

गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में इससे संबंधित तीन बिल पेश किए। तीनों विधेयकों के खिलाफ लोकसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने तीनों बिलों को वापस लेने की मांग की।

विपक्ष ने गृह मंत्री के ऊपर कागज के गोले फेंके। कांग्रेस, एमआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और सपा ने बिलों को न्याय विरोधी, संविधान विरोधी बताया। इस पर शाह ने बिलों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजने की बात कही।

ये तीनों बिल अलग-अलग इसलिए लाए गए हैं, क्योंकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार और केंद्र शासित राज्यों के लीडर्स के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं।



**पहला बिल:** 130वां संविधान संशोधन बिल 2025 है, जो केंद्र और राज्य सरकारों पर लागू होगा।

**दूसरा बिल:** गवर्नमेंट ऑफयूनियन टेरिटरीज (संशोधन) बिल 2025 है, जो केंद्र शासित राज्यों के लिए है।

**तीसरा बिल:** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 है, जिसे जम्मू-कश्मीर पर लागू किया जाएगा।

दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने 6 महीने और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने 241 दिनों तक हिरासत और जेल में रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया था। केजरीवाल पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले पहले ष्टरूथे।

### लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल पास; रमी, पोकर पर भी रोक लगाने की तैयारी

आने वाले दिनों में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम-11, रमी, पोकर वगैरह सब बंद हो सकते हैं। ड्रीम-11 भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर भी है। आज यानी 20 अगस्त को लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पास हो गया।

ये बिल ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है। अगर राज्यसभा में भी ये बिल पास हो गया, तो सभी मनी बेस्ड ऑनलाइन गेम्स पर रोक लग जाएगी। चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक लगेगी।

# संविधान निर्माताओं का सपना, हकीकत से कितना दूर?-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या आजादी के बाद से देश ने संविधान निर्माताओं की उस उम्मीद पर खरा उतरा है, जिसमें राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच सामंजस्य और आपसी परामर्श की व्यवस्था की कल्पना की गई थी। यह टिप्पणी पांच जजों की संविधान पीठ ने की, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस बीआर गवई कर रहे हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी. एस. नरसिम्हा और ए. एस. चंद्रचूड़कर भी शामिल हैं।

वहीं सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार की ओर से पेश होकर कहा कि संविधान सभा में राज्यपाल की नियुक्ति और उनकी शक्तियों को लेकर गहन बहस हुई थी। उन्होंने कहा कि अक्सर आलोचना होती है कि राज्यपाल का पद 'राजनीतिक शरण' लेने वालों का ठिकाना है, लेकिन असल में यह पद संवैधानिक जिम्मेदारियों और कुछ



निश्चित शक्तियों से जुड़ा हुआ है।

### बिलों पर देरी का मुद्दा

पीठ राष्ट्रपति के उस राष्ट्रपति संदर्भ पर सुनवाई कर रही है, जिसमें सवाल उठाया गया है कि क्या सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल और राष्ट्रपति को यह निर्देश दे सकता है कि वे राज्य विधानसभाओं से पास हुए बिलों पर तय समय सीमा के भीतर फैसला लें। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अटॉर्नी जनरल से यह पूछा था कि आखिर क्यों कई राज्यों के विधानसभा से पास हुए बिल साल 2020 से ही राज्यपालों के पास लंबित पड़े हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन अदालत संवैधानिक दायरे में रहकर ही अपनी राय देगी।

### संविधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदम

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है।8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफसे भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 नए तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमान, केंद्र ने खरीद को दी मंजूरी

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय वायुसेना की ताकत और बढ़ने वाली है। केंद्र सरकार ने वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि एक उच्चस्तरीय बैठक में विमानों की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई है।

62,000 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इन विमानों का उत्पादन करेगा। नए ऑर्डर के बाद वायुसेना में तेजस विमानों की कुल संख्या 180 हो जाएगी। इससे पहले वायुसेना ने 83 तेजस विमानों का ऑर्डर करीब 48,000 करोड़ रुपये में दिया था। ये नए विमान मिग-21 विमानों की जगह लेंगे। बता दें कि मिग-21 विमान पुराने हो चुके हैं और आए दिन हादसे का शिकार होते हैं। इसी वजह से इन्हें चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से बाहर किया जा रहा है। मिग विमानों को 19 सितंबर को सेवानिवृत्त किया जाएगा। तेजस मार्क 1ए मौजूदा तेजस विमानों का आधुनिक संस्करण हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने कसी कमर, राहुल बोले- सुदर्शन रेड्डी लड़ेंगे दमदार चुनाव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। विपक्ष का दावा है कि यह चुनाव सिर्फएक पद के लिए नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को रेड्डी के समर्थन में एकजुट होकर यह संदेश दिया कि विपक्ष अब संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने



वालों और उस पर हमला करने वालों के बीच की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि रेड्डी ने तेलंगाना में जाति जनगणना पर काम किया और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस दृष्टिकोण तैयार किया। राहुल ने एक दिलचस्प किस्सा साझा करते हुए कहा कि जब उन्होंने रेड्डी से बातचीत की, तो उनकी जेब में संविधान की प्रति थी। रेड्डी ने उन्हें बताया कि वे पिछले 52 वर्षों से संविधान अपने साथ रखते हैं क्योंकि किसी भी कानूनी बहस का अंतिम उत्तर संविधान ही होता है। राहुल ने कहा कि यही प्रतिबद्धता आज देश को चाहिए।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने भी लगाए आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बीते 11 वर्षों में सत्तारूढ़ भाजपा ने अपनी संसदीय बहुमत का बार-बार दुरुपयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं के खिलाफइस्तेमाल किया है। खरगे ने कहा कि अब नए विधेयक भी विपक्षी सरकारों को कमजोर करने और उन्हें अस्थिर करने के औजार बना दिए गए हैं। उनके अनुसार, संसद में लगातार विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है और गंभीर जनहित के मुद्दों पर बहस तक नहीं होने दी जा रही। खरगे ने जोर देकर कहा कि ऐसे समय में बी. सुदर्शन रेड्डी की उम्मीदवारी विपक्ष की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का जीवन और काम संविधान की आत्मा को दर्शाता है न्याय, करुणा और हर नागरिक को सशक्त बनाने की भावना।

सरपंच दम्पति द्वारा अपने मानदेय से 3 अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था

# विकास की गाथा बयाँ करती बिछिया ग्राम, इच्छा शक्ति से विकास के लगे पर...

### विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने मे लगे सरपंच रीना राजेश गणतिया

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड के ग्राम बिछिया विकास की गाथा को गढ़ता,शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा मे बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

छत्तीसगढ़ के अनेक ग्रामों में एक तरफग्राम पंचायत के सरपंच सचिव, शासन की मूलभूत एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं से मलाई निकालने के चक्कर में दागदार हो रहे हैं, वहीं विकसित भारत की परिकल्पना को साकार और मूर्त रूप देने मे लगे सरपंच रीना गणतिया अपनी इच्छा शक्ति से शासन की योजनाओं को धरातल मे उतारकर विकास की इबारत लिखने मे लगी हैं ।

आपको बताते चले कि, महासमुन्द जिले के बसना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बिछिया शिक्षा व्यवस्था में उदाहरण बनकर उभरा है। यहां संचालित प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल अब बच्चों के लिए आधुनिक व मॉडल स्कूल साबित हो रहा है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया जा रहा है फोकस

ग्राम पंचायत बिछिया की सरपंच श्रीमती रीना गड़तिया और उनके पति जनपद सदस्य राजेश गड़तिया के प्रयासों एवं ग्राम पंचायत के पंचों तथा ग्राम वासियों के सहयोग से मुख्यमंत्री जतन योजना और 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से कुल 9 लाख रुपये की लागत में स्कूलों का कायाकल्प किया गया है।




स्कूल भवन में टाइल्स और मार्बल लगाकर विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाया गया है ।

बच्चों के लिए 24 से अधिक पंखा, नल, शौचालय, कक्षाओं से लेकर कॉरिडोर तक पूरे परिसर को आकर्षक और टिकाऊ ढंग से सजाया और तैयार किया गया है।

स्कूल के संचालन का तरीका भी बिलकुल वैसा ही है जैसा बड़े शहरों के निजी स्कूलों में देखने को मिलता है। सरपंच रीना गड़तिया ने बताया कि दोनों स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन करने हेतु बड़ा हाल बनाया गया है, जहाँ पंखे लगे हैं। बच्चों को हाथ या थाली धोने के लिए लाइन में खड़े होने की आवश्यकता नहीं पड़ती ,क्योंकि यहाँ20 से अधिक नल लगाए गए हैं। यहां तक कि बच्चों की सुविधा के लिए बाथरूम भी स्कूल से अटैच किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिक्षक की कमी को दूर करने के लिए स्वयं के मानदेय से 3 अतिरिक्त शिक्षक रखे गए हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई किसी भी हाल में बाधित न हो।

वर्तमान में बिछिया गांव के प्राथमिक और मिडिल स्कूल में



लगभग 130 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बेहतर वातावरण, आधुनिक सुविधाएँ और निजी स्कूल जैसी व्यवस्था पाकर विद्यार्थी उत्साहपूर्वक पढ़ाई कर रहे हैं। गांव के लोग इस पहल पर गर्व महसूस कर रहे हैं और मानते हैं कि यह स्कूल पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

लंबे समय तक मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहे इस क्षेत्र के लोगों के लिए अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र, बिछिया) किसी वरदान से कम नहीं है।

गांव में 06 बिस्तरों वाला अतिरिक्त कक्ष, आधुनिक चिकित्सा उपकरण, स्वच्छ और व्यवस्थित प्रसव कक्ष, ओपीडी एवं टेलीमेडिसिन सुविधा की शुरुआत से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। यहां अब मरीजों को डॉक्टर से ऑनलाइन परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे दूर-दराज जाने की मजबूरी कम हो गई है।

स्वास्थ्य केंद्र में मातृ एवं शिशु देखभाल की विशेष व्यवस्था, निःशुल्क जांच और टीकाकरण, स्वच्छ प्रसव कक्ष, आपातकालीन उपचार की सुविधा ने इस गांव की तस्वीर बदल दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले सामान्य बीमारियों और प्रसव जैसे मामलों में भी लोगों को कई किलोमीटर दूर बसना महासमुन्द जिला अस्पताल तक जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें यही पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल रहा है।

### विकास की रफ्तार मे आगे बढ़ता बिछिया

कुछ साल पहले यह गांव पिछड़ेपन और सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था, वहीं अब यह गांव मॉडल गांव के रूप में पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। आयुष्मान भारत योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मिली इन सुविधाओं ने गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ दिया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने ग्रामीणों की जिंदगी में नया उजाला लाया है। यह कदम स्वास्थ्य सुविधा ही नहीं बल्कि सामाजिक विकास की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-मार्केटप्लस एवं डिजिटल मार्केटिंग के संबंध में कार्यशाला आज

**मुंगेली( समय दर्शन )।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों को बाजार विस्तार एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, द्वारा ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 21 अगस्त को प्रात: 10 बजे से होटल पुनीत, पड़ाव चौक में आयोजित होगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि कार्यशाला में एमएसएमई महिला उद्यमियों, स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं पारम्परिक कारीगरों को ई-कामर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बिक्री बढ़ाने, विपणन सहयोग प्राप्त करने तथा नेटवर्किंग के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। यह कार्यशाला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, महिला उद्यमी, स्व सहायता समूह, हस्तशिल्प, हथकरघा, खाद्य प्रसंस्करण एवं वनोपज आधारित उद्यम और स्थानीय उत्पादक व ऑनलाइन बिक्री में रुचि रखने वाले कारोबारियों के लिए उपयोगी साबित होगी। कार्यशाला पूर्णत: नि:शुल्क होगी और इसमें शामिल होकर उद्यमियों को डिजिटल युग की नवीनतम तकनीकों से अपने व्यवसाय को मजबूत बनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने जिले के इच्छुक उद्यमियों व लाभार्थियों से कार्यशाला में सम्मिलित होकर लाभ उठाने की अपील की है।

### एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-01 में पालना सहायिका हेतु आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1 के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 में संचालित पालना केन्द्रों में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। नगर पालिक निगम रिसाली के आंगनबाड़ी केन्द्र आजाद मार्केट वार्ड क्रमांक 24 एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आंगनबाड़ी केन्द्र हुड़को वार्ड क्रमांक 70 के लिए आवेदन 26 अगस्त 2025 तक आमंत्रित किया गया है। नियुक्ति हेतु संबंधित ग्राम/वार्ड की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन पत्र एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01 (जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई) में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे।

### क्रेडा अध्यक्ष श्री सवन्नी द्वारा ऊर्जा शिक्षा उद्यान का किया निरीक्षण

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सवन्नी ने विगत दिवस पाटन विकासखंड अंतर्गत ऊर्जा शिक्षा उद्यान पंदर-देमार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री सवन्नी ने निर्माणाधीन फूड जोन (कैंटीन/कैफेटेरिया) को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क के कोई पाउंड क्षेत्र में आकर्षक वॉटरफॉल निर्माण, कबड्डी एवं रेसलिंग एरिया के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु भी अधिकारियों को कहा। पार्क परिसर में शेष विद्युतिकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराने तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार सुरक्षा प्रहरियों की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी के साथ जिले के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से जितेन्द्र वर्मा, दिलीप साहू, श्रीमती रानी बंधोर, योगेश भाले, अखिलेश मिश्रा, श्री राजेश चंद्राकर, राजा पाठक आदि शामिल हुए।

# कलेक्टर लंगेह ने खेतों में उतरकर डिजिटल क्रॉप सर्वे का किया निरीक्षण

### राजस्व अधिकारियों ने भी किया डिजिटल क्रॉप सर्वे



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मामाभांजा एवं बी.के. बाहरा में किये जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खेतों में उतरकर चल रहे सर्वे कार्य का अवलोकन किया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण अवसर पर एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू, तहसीलदार तहसीलदार नितिन ठाकुर, हल्का पटवारी अरविंद कुमार साहू और रामकुमार साहू उपस्थित रहे। इसी तरह कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी विकासखण्डों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे की प्रगति का जायजा और किसानों से उनकी समस्याओं तथा फसलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी सतत प्राप्त किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे की सटीकता से जिले में कृषि से संबंधित योजनाओं एवं किसानों के हित में उपयोगी आंकड़े उपलब्ध होंगे। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुनिश्चित करने कहा कि सर्वे कार्य पारदर्शिता व गम्भीरता से संपन्न हो। डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान ग्राम मामाभांजा में कृषक सिद्धार्थ प्रताप, भीम सिंह, श्रीमती अवन एवं ग्राम बी. के. बहारा में कृषक भूतेश्वर, सुकवारो, लाल जी, पान बाई बरिहा, ग्राम सरपंच एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान सर्वेयर चूमन पटेल, ढाल सिंह ध्रुव के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया गया। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा ने बरोंडा में डीसीएस गोदावरी का निरीक्षण किया। अनुविभागीय अधिकारी श्री हरिशंकर पैकरा द्वारा ग्राम बेमचा में गोदावरी का निरीक्षण किया गया। इसी तरह अन्य तहसीलों में भी गिरदावरी का कार्य सतत जारी है।

## विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई दही हांडी एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता

**मुंगेली( समय दर्शन )।** मुंगेली जिला अंतर्गत विकास खण्ड पथरिया परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत बछेरा के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बछेरा में दिनांक 18 अगस्त 2025 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी फोड़ एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक लक्ष्मी कांत जड़ेजा एवं शिक्षक विनोद कुमार साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

### दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं विधि-विधान से दही हांडी पूजन के साथ की गई। प्रतियोगिता में दो टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग सदाशिव, डिगेश्वर, राज, दामु, पंकज, नमन, हिमांशु, लेखराज एवं साथी। बालिका वर्ग : आशी, बुद्धेश्वरी, भारती, सविता, मीरा, अंजलि, साक्षी, विधि एवं साथी। दोनों टीमों को पहले पिरामिड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था ताकि कोई भी बच्चा चोटिल न हो। प्रतियोगिता में दोनों टीमों को 5 मिनट का समय दिया गया। इस दौरान बालक वर्ग की टीम ने 4 मिनट में दही हांडी फोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग की टीम ने 5 मिनट में दही हांडी फोड़कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भारती, सविता, मीरा, आशी, बुद्धेश्वरी, छोटी, देवकी, हेमा एवं नंदनी ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों की आंखों पर पट्टी बांधकर उन्हें घुमाकर सामने रखी मटकी को डंडे से फोड़ने का प्रयास कराया गया। कई छात्राओं को असफलता मिली, किंतु अंतत: गीता ने एक ही प्रयास में मटकी फोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों सहित सभी प्रतिभागियों को कॉपी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक लक्ष्मी कांत जड़ेजा, शिक्षक विनोद कुमार साहू, शिक्षिका सरिता पांडेय, प्रधान पाठक जागेश्वर साहू, शिक्षक त्रिलोकी साहू, सहायक शिक्षिका विमलेश्वरी यादव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एसएनजी कॉलेज व ग्रंथालय में विद्यार्थियों को जनमन पत्रिका वितरित

### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मिलेगी मदद



**मुंगेली( समय दर्शन )।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय एस.एन.जी महाविद्यालय और जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन मासिक पत्रिका का वितरण किया गया, इस पत्रिका में दिए गए शासन की विभिन्न उपलब्धियों एवं योजनाओं के संबंध में प्रतियोगी परीक्षा में सवाल पूछे जाते हैं, इस पत्रिका को पढ़ने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद मिलेगी। जनमन पत्रिका मिलने पर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। शासकीय एस.एन.जी कॉलेज की विद्यार्थी विद्या देवांगन, वंदना पटेल और तमेश्वरी महिलांग ने बताया कि वे कॉलेज की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनमन पत्रिका में शासन की योजनाओं और गतिविधियों से जुड़ी जानकारी बहुत ही सरल ढंग से दी जाती है। इस पत्रिका को पढ़ने से न केवल शासन की नीतियों और कार्य योजनाओं के प्रति गहरी समझ विकसित होती है, बल्कि पी.एस.सी., व्यापम जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी इससे प्रश्न पूछे जाते हैं, इसलिये प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की दृष्टि से यह पत्रिका महत्वपूर्ण है। जिला ग्रंथालय के विद्यार्थी राधेश्याम यादव, पर्वत पटेल, किरण कुर्रे, मंजूलाल धिरही और महिमा नाथ जोगी ने कहा कि वे जनमन पत्रिका के नियमित पाठक हैं। इस पत्रिका में कई आवश्यक जानकारियां होती हैं, जिससे उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाभ मिलेगा। इसके साथ ही राज्य शासन की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में सारगर्भित जानकारी दी जाती है, जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए युवाओं और आम जनता को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

# गोपालपुर में सायकल वितरण कार्यक्रम संपन्न



**पिथौरा( समय दर्शन )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोपालपुर में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा 9 वीं में अध्ययनरत 43 छात्राओं को नि:शुल्क सायकल वितरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा व अध्यक्षता पं. स्वप्निल तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा छ. ग.

विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम धृतलहरे जनपद सदस्य,श्रीमती संजुकला सुशील भोई जनपद सदस्य,नरेंद्र बोरे निज सचिव विधायक बसना,

तिलक यादव,अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति,सुशील भोई एवं प्राचार्य आर.एन.प्रधान मंच में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना और छात्राओं के वंदना से हुई।तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत के बाद छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य एवं आदिवासी क्षेत्र होने से छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण प्राचार्य आर.एन.प्रधान ने अतिथियों के सम्मान में व विद्यालय की गतिविधियों पर उद्बोधन दिया। मुख्यअतिथि के प्रतिनिधि के रूप में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने छात्रों को सरकारी स्कूल में किस प्रकार विशेष योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने भविष्य में सफलता अर्जित करें इस संबंध में ,विस्तार पूर्वक बताया। अध्यक्षीय उदबोधन में पं.स्वप्निल तिवारी ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा पर विशेष कार्य कर रही है, जिसको लेकर सरस्वती साइकिल वितरण जैसे हर वो संभव सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास कर रही है,, जिससे बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में आसानी हो। साथ ही श्री तिवारी ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिया।विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर प्रधान ने विद्यालय के उन्नति व छात्र हित में विद्यालय द्वारा कर रहे शिक्षकों के प्रयास और विद्यालय के समस्या निदान के लिए कुछ आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी अतिथियों व पालकों का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी इस प्रकार की सहयोग की अपेक्षा किया।

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता निराकार पटेल द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रीमती संजुकला सुशील भोई द्वारा अपने जनपद के कार्यकाल तक छात्रों के प्रोत्साहन के लिए कक्षा 10 वी एवं 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2100 रुपया व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 1100 रुपया पुरस्कार देने की घोषणा किया ।

## कमला कॉलेज में व्यास पूजा, छात्राओं ने किया गुरुओं का सम्मान



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा उपस्थित सभी प्राध्यापकों को तिलक फूल और श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थिति में भी छात्राओं के समुचित विकास हेतु गुरू का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में व्यास पूजा की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है, क्योंकि उन्होंने वेदों का संकलन किया इसलिए उन्हें आदिगुरू माना जाता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रीमती रामकुमारी धुर्वा संगीत ने गुरु की महत्ता पर एक गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में डॉ. जयसिंग साहू, डा. केके द्विवेदी, डॉ. बसंत सोनबेर, एमके मेश्राम, डॉ. नीता एस. नायर, श्रीमती तारा ठाकुर, श्रीमती नीलम राम धनसाय, डॉ. युगेश्वरी साहू आदि प्राध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्राएं शामिल थी।

## गुरु बालक दास जयंती पर न्योता भोजन का आयोजन



**नंदिनी अहिवारा ( समय दर्शन )।** शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी संकुल सेमरिया विकास खंड धंमधा जिला दुर्ग में गुरु बालक दास जयंती के उपलक्ष्य में श्री द्वारिका महिलांग समाजसेवी द्वारा न्योता भोजन में खीर -पूरी सम्पूर्ण भोजन सभी बच्चो को खिलाया गया इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत पेंड्रीतराई श्रीमती दीपा महिलांग उपसरपंच श्री विजय बघेल , स्स्ष्ट अध्यक्ष नोमिन डहरिया , ष्ट्रष्ट सूर्यकान्त हरदेल , तहसील धंमधा सतनामी संघ अध्यक्ष श्री मार्कण्डेय जी , सेवानिवृत प्रधान पाठक श्री कुञ्ज लाल बंजारे , श्री कृत लाल महिलांग , श्री परघनीया , चिंताराम , लटमार जांगड़े , खूबचंद बघेल ,पूनम चाँद जांगड़े , रेशमलाल , नरेस कोतवाल , सफर बंजारे , ईश्वर डहरिया शिक्षक सूर्य प्रकाश सोनकन्डे थान सींग चुरेन्द्र , संतोष मनहर , काशीनाथ सींग , जैस्वाल सर उपस्थित रहे ! प्रधान पाठक खिलेंद्र बघेल ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ चंदन लगाकर स्वागत किया अतिथियों द्वारा गुरु बालक दास के तैल चित्र पर मल्यार्पण कर गुरुबालक दास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और बच्चो की शिक्षा - दीक्षा न्योता भोजन पर अपने विचार रखे संकुल समन्यवक द्वारा कार्यक्रम की सफल संचालन हेतु आभार साधुवाद ज्ञापित किया।

# ग्राम बंसूला के खेत मे दिखा तेंदुआ,मचा हडकंप

**बसना( समय दर्शन )।** बसना नगर के समीप ग्राम बंसूला के खेत मे सुबह लगभग 8 बजकर 8 मिनट के आसपास तेंदुआ देखे जाने की खबर से क्षेत्र में हडकंप मचा हुआ है।

क्षेत्र के सोशल मीडिया ग्रुप पर एक 6 सेकेण्ड का वीडियो खूब वायरल हो रहा है।



प्रत्यक्षदर्शी भावेश भट्ट

उक्त वीडियो के बारू मे पता करने पर पता कि,बंसूला निवासी भावेश भट्ट खेत तरफ घूमने गया था,कि हास्टल के पीछे दूर खेत के मेड़ पर एक बड़ा तेन्दुआ दिखाई दिया।

भावेश वहाँ से भागते समय उस तेंदुए को देखे जाने के बाद आनन फानन मे डरे सहमे एक छोटा सा वीडियो बनाया और वहाँ से भाग निकला,आकर लोगों को बताया । सरपंच, जनपद सदस्य और ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन परिक्षेत्राधिकारी एस आर निराला को दी गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी मनोज कुमार खाण्डे को जानकारी प्रदान की गयी । जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी नरेन्द्र राठौर थाना की टीम के साथ बंसूला पहुँचे। सामुहिक रूप से अधिकारीयों ने उस स्थल मुआयना किया,विडियो का मिलान, स्थल के साथ मैच खा रहा है। अंत:क्षेत्र मे तेंदुए की मौजूदगी को आधार मानकर ग्रामीणों को सतर्क रहने,बच्चों को अकेले नहीं छोड़ने, स्कूल आते जाते बच्चों का खयाल रखने, किसानों को अकेले खेत नहीं जाने, समूह मे रहने, जैसे एहतियात बरतने अपील की गयी हे। इसी चे साथ हास्टल अधीक्षकों एवं वहाँ गार्डो को भी सचेत रहने की हिदायत दी गयी है तथा मुनादी कराई गयी है।

तेंदुआ अरेकेल और बंसुला नाला के पास हास्टल के पीछे विचरण करते दिखाई दिया है।

## आधुनिक भारत के निर्माता है स्व. राजीव गांधी : राकेश ठाकुर



**सेलूद ( समय दर्शन )।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न एवं अमर शहीद स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती बुधवार को दुर्ग जिले के सेलूद विश्राम गृह में बड़े ही श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई गई और शोक सभा का भी आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए आदर्शों व नीतियों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। यदि वे नहीं होते तो आज देश तकनीकी रूप से इतना आगे नहीं बढ़ पाता। उन्होंने कंप्यूटर क्रांति और टेलीकॉम क्रांति की नींव रखी, जिससे आज भारत डिजिटल युग में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने देश को 'मुट्ठी में लेने' की ताकत दी और युवाओं को नई सोच और ऊर्जा से जोड़ा। मिश्रा ने कहा कि देश की तरक्की और विकास की हर राह में राजीव गांधी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेसजनों का कर्तव्य है कि वे राजीव गांधी के सपनों को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएँ और समाज के हर वर्ग तक विकास की रोशनी पहुँचाएँ। उन्होंने युवाओं से भी आह्वान किया कि वे तकनीक, शिक्षा और सेवा भावना के जरिए राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें।

## नवीन शासकीय महाविद्यालय भिंभौरी में दीक्षारंभ कार्यक्रम सपन्न



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** नवीन शासकीय महाविद्यालय भिंभौरी में आज नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत श्री संदीप परगनिहा थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर ठाकुर ने की। कार्यक्रम में पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीतों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। मुख्य अतिथि श्री परगनिहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का साधन नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूल भावना को समझते हुए तकनीकी एवं नैतिक शिक्षा को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

प्राचार्य डॉ, ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें समाजोपयोगी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का क्रमवार परिचय नवप्रवेशित विद्यार्थियों से कराया गया।आभार प्रदर्शन प्राध्यापकगण द्वारा किया गया। इसी के साथ दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

नवा रायपुर के आसपास निवासरत नागरिकों तथा बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं

# सीएम साय ने इंद्रावती भवन में किया पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री साय ने 19 अगस्त को नवा रायपुर स्थित इंद्रावती भवन परिसर में पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा, एटीएम और डिपॉजिट मशीन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने विभागाध्यक्ष कार्यालय इंद्रावती भवन के कर्मचारियों, नवा रायपुर के आसपास निवासरत नागरिकों तथा बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पहले योजनाओं की राशि का वितरण नगद रूप में किया जाता था, जिससे लीकेज की समस्या बनी रहती थी, लेकिन अब बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ष्ठक्चञ्ज) के माध्यम से हितग्राहियों तक राशि सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापना के साथ-साथ बैंकिंग



सुविधाओं का विस्तार भी तीव्र गति से हो रहा है। सरगुजा और बस्तर अंचल के दूरस्थ गाँवों में बैंक शाखाओं की स्थापना से सरकार का अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधा पहुँचाने का संकल्प साकार हो रहा है।

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में प्रदेश के बैंकिंग सेक्टर और अर्थव्यवस्था के लिए अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। विकसित भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उन्होंने बैंकों से भी इस दिशा में अपनी सक्रिय व प्रभावी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश बंसल और पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक अशोक चंद्र सहित अन्य अधिकारीगण और नागरिक उपस्थित थे।

# पीएम मोदी से मिले डॉ. रमन, नवीन विधानसभा भवन लोकार्पण के लिए किया आमंत्रित



**रायपुर ( समय दर्शन )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को अपने दिल्ली प्रवास के दौरान संसद भवन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को 1 नवम्बर 2025 को प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवा रायपुर (अटल नगर) स्थित नवनिर्मित विधानसभा भवन में प्रवेश करने की जानकारी दी।

डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को इस ऐतिहासिक अवसर पर नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण उनके हाथों से करने हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह गौरवशाली क्षण प्रदेश की जनता और सभी विधानसभा सदस्यों के लिए स्मरणीय होगा।

साथ ही, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी भेंट की और उन्हें नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करने हेतु आमंत्रित किया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा अध्यक्ष का आमंत्रण स्वीकार किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा करते हुए कहा कि नवा रायपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों का नया भवन बन कर तैयार है, जिसके लोकार्पण समारोह में ब्रह्मकुमारी बहनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करना चाहती है। डॉ. रमन सिंह के इस आग्रह को प्रधानमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर ब्रह्मकुमारी संस्थान के नवीन भवन लोकार्पण के लिए भी अपनी स्वीकृति प्रदान की है। आपको बता दे कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश अपने गठन के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण न केवल प्रदेश की लोकतांत्रिक परंपराओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि यह क्षण छत्तीसगढ़ की प्रगति और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# दोपहिया वाहन के साथ अब हेलमेट बेचना अनिवार्य, रायपुर SSP ने जारी किया आदेश

**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर में सड़क हादसों में लगातार बढ़ रही मौतों को रोकने के लिए पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने सभी दोपहिया वाहन शोरूम संचालकों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि अब प्रत्येक वाहन के साथ हेलमेट बेचना अनिवार्य होगा।

पुलिस के अनुसार, रायपुर जिले में बीते सात महीनों में 190 से अधिक मौतें दोपहिया चालकों और सवारों की सिर पर चोट लगने से हुई हैं। लगातार जागरूकता अभियान, हेलमेट वितरण और 20,495 कार्यवाही करने के बाद भी बड़ी संख्या में लोग बिना हेलमेट वाहन चलाते हैं।

मोटरयान अधिनियम 1989 की धारा 138 के अनुसार, दोपहिया विक्रेताओं के लिए प्रत्येक वाहन के साथ हेलमेट देना अनिवार्य है। इस नियम का पालन नहीं करने वाले शोरूम संचालकों के खिलाफनियम 33 से 44 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें व्यवसाय प्रमाण




पत्र का निलंबन या रद्द किया जाना भी शामिल है।

एसएसपी ने कहा कि यह कदम दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी शोरूम संचालकों से नियम का पालन करने और सुरक्षा उपकरणों को अनिवार्य रूप से विक्रय करने की अपील की।

**पुलिस की अपील**

रायपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। उन्होंने कहा हादसा कब और कहां हो जाए, यह कोई नहीं जानता। लेकिन हेलमेट जैसे सुरक्षा उपकरण जीवन बचा सकते हैं। घर पर कोई हमारा इंतजार कर रहा है, उनकी चिंता करें और सुरक्षित रहें। समझदारी दिखाएं, हेलमेट पहनें।

# पर्युषण महापर्व शुरू: सीमंधर स्वामी जैन मंदिर की प्रभु भक्ति में गायकों का जमघट

**प्रातः 6 बजे जिनमंदिर के खुलेंगे पट: स्नात्र, अष्टप्रकारी व नवांगी पूजन दोपहर प्रभु प्रतिमाओं की आंगी**

**रायपुर ( समय दर्शन )।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से प्रभु भक्ति महोत्सव में छत्तीसगढ़ के ख्यातिनाम जैन भजन गायक प्रस्तुति देंगे।

पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस सुप्रसिद्ध जैन भजन गायक सी ए प्रतीक बैद भैरव सोसायटी स्थित जिनमंदिर में भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे आज की प्रभुभक्ति के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला बैद परिवार हैं।

पर्युषण पर्व के अवसर पर प्रातः 6 बजे



मंदिर जी के पट खोले जाएंगे। परमात्मा के जन्मकल्याणक की स्नात्र पूजा, अष्टप्रकारी पूजा, परमात्मा की नवांगी पूजा, चैत्यवन्दन होगा। विश्व में एकमात्र जैन धर्म में ही कोई भी श्रावक श्राविका प्रभु परमात्मा के मूल गंभारे में जाकर मूर्ति को स्पर्श कर पूजन कर सकता है।

दोपहर में सीमंधर महिला मण्डल , विमल महिला मण्डल व भैरव सोसायटी श्रीसंघ के भक्तों द्वारा परमात्मा व दादागुरुदेव की मूर्तियों की आंगी सजावट की जावेगी। रात्रि में 8 . 30 बजे से प्रभु भक्ति व दादागुरुदेव इक्तिसा जाप होगा । आरती व मंगल दिवा पश्चात जिनमंदिर के पट मंगल होंगे।

आज से प्रतिदिन वर्तमान काल में महाविदेह क्षेत्र में विराजमान सीमंधर स्वामी की प्रतिमा, सुमति नाथ जी, पार्श्वनाथ जी, महावीर स्वामी, गौतम स्वामी जी व चारों दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की मनमोहक आंगी बनाई जावेगी ।

छत्तीसगढ़ के भूगोल, इतिहास और संस्कृति से जुड़े सवाल पूछे गए

# जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में खेलो छत्तीसगढ़ ज्ञान की परीक्षा में प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार

**रायपुर ( समय दर्शन )।**

राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित ऐतिहासिक टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी के पांचवे दिन विभिन्न स्थानों से आए हुए प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के भूगोल, इतिहास, संस्कृति और अन्य उपलब्धियों से जुड़े अत्यंत रोचक प्रश्न पूछे गए। जिनमें जशपुर जिले के जलप्रपात, सरगुजा जिले के खनिज, महासमुंद के सिरपुर की प्राचीन कला शैली और बस्तर क्राफ्ट जैसे विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल पूछे गए, जिनके सही जवाब देकर प्रतिभागियों ने अपने पॉइंट्स बनाए।

प्रदर्शनी का अवलोकन करने आए श्री यशवंत यदु ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल ज्ञान बढ़ता है, बल्कि हमें ऐसी जानकारियां मिलती हैं जो आमतौर पर आसानी से नहीं मिल पाती,






उन्होंने क्विज प्रतियोगिता में भी भाग लिया। वहीं, श्री पंकज वर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यों की जानकारी सरल और स्पष्ट ढंग से मिल रही है, यहां आकर मुझे छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी तथ्यात्मक जानकारी मिली। थिएटर आर्टिस्ट श्री निमेष पटेल ने प्रदर्शनी और यहां आयोजित क्विज प्रतियोगिता के आयोजन को ज्ञानवर्धक बताया।

इसी तरह भिलाई से आई श्रीमती अंजली नागपुरे और सुश्री गुंजन परमार ने वर्चुअल रियलिटी गेम्स के जरिए क्विज प्रतियोगिता में सवालों के जवाब चुनकर सही छत्तीसगढ़ के नक्शे पर डालकर पॉइंट्स बनाए गए। उन्होंने बताया कि वर्चुअल चीजें ज्यादा याद हो पाती हैं। वर्चुअल गेम्स के जरिए क्विज के आयोजन ने प्रतिभागियों के उत्साह भी बढ़ाया।

गौरतलब है कि इस प्रदर्शनी में प्रदेश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनगाथा, उनके संघर्ष, दुर्लभ दस्तावेज और ऐतिहासिक क्षणों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। आज़ादी की लड़ाई के दौरान हुए विभिन्न आंदोलनों, जैसे भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई महत्वपूर्ण संघर्षों में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी को भी इसमें विस्तार से दर्शाया गया है। इसके साथ ही, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों तथा प्रदेश में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी भी प्रदर्शनी का हिस्सा है। यह प्रदर्शनी 15 से 21 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 8:00 बजे तक आम जनता के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के लिए उत्पाद संग्रह बढ़ाने के लिए मैरिको ने मीशो मॉल के साथ साझेदारी की

**रायपुर:** मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफॉर्म पर पसर्नल केयर एवं वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा। इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड, जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर 2 एवं अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं। यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है। मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफोलियो ने पसर्नल केयर, हैल्थ एवं वैलनेस सिहत मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है। मीशो मॉल पर मैरिको के लॉन्च के एक महीने के अंदर ही हेयर सीरम, हेयर ऑयल और डेली ग्रूमिंग के उत्पादों को बहुत अच्छी प्रितिक्रया मिली है। लखनऊ, कोच्चि, सूरत और गुवाहाटी जैसे क्षेत्रों में इनकी काफी ज्यादा मांग है। मीशो मॉल के ज्यादातर ग्राहक टियर 2+ क्षेत्रों से हैं, जिस से इन छोटे शहरों में किफायती उत्पादों की बढ़ती मांग प्रदर्शित होती है। मीशो द्वारा और ज्यादा ब्रांड्स को शामिल करके अपने उत्पाद संग्रह का विस्तार करने की योजना बनाई जा रही है। इसके अंतगर्त मीशो पर किफायती स्मॉल पैक और क्योरेटेड काम्बो पेश करके अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया जाएगा। टियर 2+ शहरों में अपनी मजबूत पहुँच के साथ मीशो का उद्देश्य भारत में लगातार विस्तार करना और किफायती उत्पाद खरीदने वाले पिरवारों के साथ गहरा संबंध स्थापित करना है।

### 'दिमाग पे रखे लगाम' : सेंटर फ्रेश का नया टीवीसी – ओवरथिंकिंग पर मज़ेदार तंज

नईदिल्ली। परफेटी वैन मेल इंडिया के तहत आने वाला भारत का सबसे पसंदीदा च्यूइंग गम ब्रांड सेंटर फ्रेश एक ताज़गी भरा नया अभियान लेकर आया है, जो उपभोक्ताओं की ओवरथिंकिंग (ज़रूरत से ज़्यादा सोचने) की आदत पर आधारित है। यह आइडिया सेंटर फ्रेश के इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट से प्रेरित है, जिसे यूगॉव के साथ साझेदारी में तैयार किया गया था। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि 81त्न लोग रोज़ाना तीन घंटे से अधिक समय ओवरथिंकिंग में बिता देते हैं। इस इनसाइट पर मज़ेदार ट्विस्ट लाते हुए, नए विज्ञापन दिमाग पे रखे लगाम के ज़रिए सेंटर फ्रेश को दिन में एक ताज़गी भरी टाइम आउट के रूप में पेश किया गया है — एक आसान तरीका जो आपको ताज़गी के साथ फिर से वर्तमान में लौटा देता है। इस अभियान के केंद्र में एक सरल लेकिन गहरी बात है — ज्यादातर लोग छोटी-छोटी बातों पर भी ज़्यादा सोच लेते हैं। सेंटर फ्रेश दो नए और मज़ेदार टीवीसी लेकर आया है, जो रोज़मर्रा के लोगों को बेहद मामूली बातों पर ओवरथिंकिंग करते हुए हास्य और अपनापन के साथ दिखाते हैं। और जब ओवरथिंकिंग हावी हो जाए, तब ज़रूरत होती है सिर्फएक ताजगी से भरे पल की, जो दिमाग को शांत कर दे, नया नज़रिया दे और एक पल की राहत दे। इस अभियान के बारे में बात करते हुए, गुंजन खेतान, डायरेक्टर मार्केटिंग, परफेटी वैन मेल इंडिया, ने कहा — सेंटर फ्रेश हमेशा से ताज़गी का पर्याय रहा है — और इस नए अभियान के साथ, मिंट की ताज़गी भरी बर्स्ट ओवरथिंकिंग के चक्र को तोड़ेगी और स्पष्टता के पल लाएगी। यह टीवीसी उन मज़ेदार पलों को उजागर करता है, जो हमारी हालिया 'सेंटर फ्रेश इंडिया ओवरथिंकिंग रिपोर्ट' से प्रेरित हैं। टैगलाइन 'दिमाग पे रखे लगाम' के साथ, हम उपभोक्ताओं को ठहरने, वर्तमान में रहने और जब विचार भटकने लगें तो ताज़गी के साथ नया नज़रिया अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। निखिल शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, परफेटी वैन मेल इंडिया, ने कहा — हमारे ब्रांड हमेशा संस्कृति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते आए हैं — हर संभव मौके पर खुशी, ताज़गी और हास्य लाते हुए। 'दिमाग पे रखे लगाम' अभियान के साथ सेंटर फ्रेश एक नए दिलचस्प स्पेस में कदम रख रहा है। ब्रांड की मौजूदगी भारत के 30 लाख से अधिक आउटलेट्स में है, और यही वजह है कि हम नए अभियानों के ज़रिए उपभोक्ताओं को उत्साहित करना चाहते हैं। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित और हमारे एजेंसी पार्टनर ओग्लिवी द्वारा तैयार किए गए ये दो टीवीसी हमारेरोज़मर्रा के जीवन में ओवरथिंकिंग स्पाइरल्स पर दिलचस्प नज़र डालते हैं।

### इंडियन ऑयल और एयर इंडिया के बीच सतत विमानन ईंधन आपूर्ति हेतु समझौता

**गुरुग्राम:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एयर इंडिया ने आज सतत विमानन ईंधन (Sustainable Aviation Fuel - SAF) की आपूर्ति हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता भारतीय विमानन को हरित भविष्य की ओर अग्रसर करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों संस्थान कम-कार्बन ईंधन को अपनाने, वैश्विक डिकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को समर्थन देने और सतत हवाई परिवहन संचालन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह समझौता इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक (एविएशन) श्री शैलेश धर और एयर इंडिया के समूह प्रमुख – गवर्नेंस, रेगुलेटरी, कॉम्प्लायंस (GRC) एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स, श्री पी. बालाजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंडियनऑयल के अध्यक्ष श्री ए. एस. साहनी तथा एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री कैंपबेल विल्सन उपस्थित रहे। इंडियनऑयल ने भारत की पहली कंपनी के रूप में अपने पानीपत रिफाइनरी में SAF उत्पादन के लिए ISCC CORSIA प्रमाणन प्राप्त किया है। यह प्रमाणन ICAO की कार्बन ऑफसेटिंग और रिडक्शन स्कीम (CORSIA) के अंतर्गत प्रदान किया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप SAF उत्पादन क्षमता को प्रमाणित करता है।

इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री ए. एस. साहनी ने कहा:- एयर इंडिया के साथ यह समझौता भारत में सतत विमानन की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। हमारी ISCC-CORSIA प्रमाणित स्र्स्न क्षमता से हम एयर ट्रैवल के डिकार्बोनाइजेशन के लिए एक व्यवहारिक समाधान उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। भारत की प्रमुख एयरलाइन के साथ साझेदारी करके हम राष्ट्रीय विकास को वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के साथ संरेखित कर रहे हैं और उद्योग के लिए एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। एयर इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक श्री कैंपबेल विल्सन ने कहा – इंडियनऑयल के साथ इस स्रूश्व के माध्यम से एयर इंडिया, भारत सरकार की सतत विकास संबंधी पहलों को आगे बढ़ाने और IATA के नेट ज़ीरो 2050 लक्ष्य को हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रही है। इस सहयोग से दोनों कंपनियाँ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में CORSIA लक्ष्यों को प्राप्त करने और उनसे आगे बढ़ने के लिए SAF आपूर्ति पर कार्य करेंगी। साथ ही, यह साझेदारी भारत को सतत विमानन और ऊर्जा संक्रमण के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी।

## संपादकीय

### अमेरिका से बिगड़ते संबंध

आवश्यक है कि विदेश नीति में किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार हो। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया में ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा। अमेरिका से बिगड़ते संबंधों के साथ भारत में अचानक चीन से रिश्ते सुधारने और रूस से संबंध और गहरा करने की जरूरत पर अधिक जोर दिया जाने लगा है। संकेत हैं कि भारत सरकार ने इससे संबंधित प्रक्रियाओं को तेज कर दिया है। उधर, ऐसा लगता है कि चीन ने इस नई परिस्थिति में अपने लिए अवसर देखा है। भारत और अमेरिका के बीच दरार चौड़ी हो जाए, तो चीन के लिए यह अच्छी स्थिति होगी। यह अमेरिका की चीन को घेरने की रणनीति के लिए एक झटका होगा, जिसे स्वरूप देने में गुजरे डेढ़ दशक में अमेरिका ने अपनी काफी ऊर्जा लगाई है। तो खबर है कि चीन ने भारत को उर्वरकों के निर्यात रोकने की नीति में ढिलाई दे दी है और कथित रबर डंपिंग के मामले में भारत के खिलाफ जांच रोक दी है। इधर भारत ने दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करने का ठोस संकेत दिया है। इसी बीच खबर आई है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत आएंगे। वांग सीमा विवाद पर वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। नई दिल्ली में भारत के विशेष प्रतिनिधि अजित डोवल से उनकी बातचीत होगी। साथ ही एलान हुआ है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर 21 अगस्त को मास्को जाएंगे। ये तमाम कूटनीतिक गतिविधियां शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तय चीन यात्रा से पहले हो रही हैं। रूस और चीन दोनों भारत के साथ अपनी त्रिपक्षीय वार्ता का क्रम फिर शुरू करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए ताजा गतिविधियों को उस प्रयास से जोड़ कर देखा जा रहा है। भारत इसके लिए तैयार होता है या नहीं, यह देखने की बात होगी। ऐसा हुआ, तो वह भारत की विदेश नीति में बड़े परिवर्तन का संकेत होगा? स्पष्टत: उसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार किया जाए। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया के तहत ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा।

### असली अवसरवादी राजनीति

**अजीत द्विवेदी**

तेलंगाना की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के पाला बदल कर कांग्रेस में जाने के मामले में विधानसभा के स्पीकर के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि स्पीकर इन विधायकों की अयोग्यता के मामले में तीन महीने के अंदर फैसला करें। असल में इस मामले के एक साल से ज्यादा हो गए हैं। नवंबर 2023 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हुए थे और कांग्रेस पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। चुनाव के थोड़े दिन के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के विधायकों के टूट कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ। यह कोई नई बात नहीं है। अवसरवादी राजनीति के लिए उत्तर भारत की हिंदी पट्टी को बेवजह बदनाम किया जाता है। असली अवसरवादी राजनीति तो दक्षिण के राज्यों में देखने को मिलती है। 2023 से पहले 10 साल तक बीआरएस का राज था तो कांग्रेस के दर्जनों बड़े नेता पाला बदल कर उसके साथ चले गए थे और अब कांग्रेस का राज आया तो उसी अनुपात में बीआरएस के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बहरहाल, अवसरवादी राजनीति एक अलग मसला है। अभी तात्कालिक मसला यह है कि बीआरएस छोड़ कर 10 विधायक कांग्रेस में शामिल हुए तो दलबदल विरोधी कानून के आधार पर क्यों नहीं उनकी सदस्यता समाप्त होनी चाहिए? इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 64 सीटें मिली थीं और बीआरएस को हिस्से में 39 सीटें आई थीं। दलबदल विरोधी कानून के तहत बीआरएस के टूटने के लिए कम से कम 26 विधायकों का एक साथ आना जरूरी है। अगर उससे कम विधायक टूटते हैं तो उनके ऊपर दलबदल विरोधी कानून लागू होता है और उनकी सदस्यता समाप्त होती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे कम विधायक चाहें तो नहीं टूट सकते हैं। वे टूट सकते हैं लेकिन तब उनको विधानसभा से इस्तीफा देना होगा और उनकी सीट पर उपचुनाव होगा। तेलंगाना में इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। बीआरएस के 10 विधायक घोषित रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और बीआरएस की ओर से शिकायत के बावजूद स्पीकर उनको अयोग्य नहीं ठहरा रहे हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। इस समय सीमा के अंदर उनको फैसला करना होगा। अगर वे बीआरएस से पाला बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं तो उनकी सीटें खाली होंगी और उपचुनाव होगा और अगर अयोग्य नहीं ठहराते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में उनकी अयोग्यता पर सुनवाई होगी। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पीकर क्या तर्क देते हैं। यह सुनवाई बहुत दिलचस्प और आगे का रास्ता बनाने वाली हो सकती है। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा के लिए इस मामले को सुलझाए और ऐसे मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए एक समय सीमा तय कर दे। आखिर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभाओं से पास विधेयकों पर फैसला करने के लिए राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी एक समय सीमा तय की है। इसको लेकर विवाद चल रहा है और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 142 के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम कोर्ट को भेजा है। परंतु तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला नजीर बन गया है। सो, संभव है कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पीकर के लिए एक समय सीमा तय करे। हालांकि बेहतर यह होता कि सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के आधार पर संसद में इसे लेकर नया कानून बनता। आखिर अगर संविधान में किसी मसले पर चुप्पी है और चुप्पी का फायदा उठा कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग एक या दूसरे राजनीतिक दल को फायदा या नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं तो उस पर कानून बनाने का काम तो संसद को ही करना होगा! ध्यान रहे संविधान में इसके लिए कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है। जैसे राज्यपालों के लिए कोई समय सीमा नहीं है कि वे कितने दिन के अंदर किसी विधेयक पर फैसला करेंगे वैसे ही स्पीकर के लिए समय सीमा तय नहीं है कि अयोग्यता की शिकायत पर वह कितने दिन में फैसला करेगा। इस लूपहोल का फायदा कई बार सत्तारूढ़ दल की ओर से नियुक्त स्पीकर उठा चुके हैं। झारखंड की पिछली विधानसभा में तीन विधायकों बाबूलाल मरांडी, बंधु तिर्की और प्रदीप यादव की अयोग्यता का मामला पूरे पांच साल तक लंबित रहा।

# उपराष्ट्रपति चुनाव को राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता की सियासी लड़ाई बनाने के रणनीतिक मायने

**कमलेश पांडे**




उपराष्ट्रपति पद के लिए अब एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों तरफ से उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। एनडीए ने जहां महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं उनसे मुकाबले के लिए इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव मैदान में उतारा है। इस प्रकार एक तरफ जहां मोदी ने एनडीए उम्मीदवार की तारीफ करते हुए कहा है कि राधाकृष्णन सियासी खेल नहीं करते हैं, बल्कि सुलझे हुए राजनेता हैं। वहीं, दूसरी तरफ विपक्ष ने इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार रेड्डी को गैरराजनीतिक चेहरा बताते हुए कहा है कि मौजूदा चुनाव विचारधारा (संघ बनाम प्रगतिशील) की लड़ाई है। साधारण भाषा में कहें तो उपराष्ट्रपति चुनाव को भी राष्ट्रवाद बनाम धर्मनिरपेक्षता की सियासी लड़ाई का नया अखाड़ा बना दिया गया है, जिसके रणनीतिक मायने भी दिलचस्प हैं। यूँ तो संख्या बल में एनडीए यानी सत्ता पक्ष का पलड़ा भारी है, लेकिन यह लड़ाई आंकड़ों से ज्यादा प्रतीकात्मक प्रतीत होता है। देखा जाए तो अपने-अपने सियासी अहम के सवाल पर विभाजित विपक्ष ने भी पुन: एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एक मजबूत प्रत्याशी उतारकर सत्तापक्ष को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसी मोर्चे पर सरकार को फ्री हैंड नहीं देने जा रहा है। उसके इस कदम से विपक्ष को फायदा हो या न हो, लेकिन एनडीए में शामिल दलों की पूछ परख बढ़ जाएगी। वहीं, किसी भी सहयोगी ने यदि थोड़ा सा घात कर दिया तो फिर सत्ता पक्ष की किरकिरी भी हो सकती है।

यही वजह है कि मौजूदा उपराष्ट्रपति चुनाव के दृष्टिगत कतिपय सवाल खड़े हो रहे हैं- खासकर उम्मीदवार चयन को लेकर। सर्वप्रथम तो यह कि जिस तरह से दोनों केंद्रीय सियासी गठबंधनों ने अपने-अपने उम्मीदवार के नाम दक्षिण भारत से दिए हैं, उससे भी उत्तर भारत के राजनेता ठगे रह गए हैं। उल्लेखनीय है कि सर्वसम्मति से एनडीए कैंडिडेट बने राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना (पुराने आंध्रप्रदेश) से। लिहाजा, दोनों चेहरों का दक्षिण भारत से होना महज सियासी संयोग नहीं हो सकता, बल्कि इसके पीछे दोनों प्रतिस्पर्धी राजनीतिक गठबंधनों की कोई सुनियोजित राजनीतिक योजना है और इसी वजह से यह चुनाव और भी अधिक दिलचस्प हो जाता है।

दूसरा, विपक्षी दल एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन और इंडिया ब्लॉक उम्मीदवार रेड्डी की लड़ाई को विचारधारा यानी धर्मनिरपेक्षता की लड़ाई बता रहे हैं। क्योंकि उनका कहना है कि जब एनडीए संघ के आदमी पर भरोसा कर रहा है तो वो एक प्रोग्रेसिव विचारधारा यानी धर्मनिरपेक्ष उम्मीदवार को सामने रख रहे हैं। जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन के सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंच से एक संक्षिप्त से नोट पढ़कर इंडिया ब्लॉक के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार रेड्डी के नाम का ऐलान किया, वह खासा अहम है।

जैसा कि खरगे ने कहा है कि सभी दलों ने सर्वसम्मति से रेड्डी की उम्मीदवारी पर मुहर लगाई है। यह विपक्षी एकता के लिहाज से लोकतंत्र के लिए एक बड़ा क्षण है। लिहाजा, उन्होंने रेड्डी को राजनीतिक न्याय का चैंपियन करार दिया। जबकि मंच से ही टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि इस फैसले में आम आदमी पार्टी भी ब्लॉक के साथ है। बताया गया है कि इंडिया ब्लॉक के अंदर सभी दलों के साथ इस मसले पर गत सोमवार और मंगलवार सुबह अनौपचारिक बातचीत हुई थी।

दरअसल, इस पूरी प्रक्रिया में चार-पांच नामों को लेकर सोमवार को चर्चा भी हुई, पर वह किसी ना किसी वजह से पूरे मापदंड पर खरे नहीं उतर पा रहे थे। इसी दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व निदेशक और तमिलनाडु से आने वाले माइलस्वामी अन्नादुरई और सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी के नामों पर चर्चा की। जब इन अहम नामों पर भी आम सहमति नहीं बन पाई, तब मंगलवार दोपहर को खरगे की ओर से सभी घटकों के नुमाइंदों के सामने रेड्डी का नाम सामने रखा गया, जिस पर किसी की ओर से आपत्ति नहीं जताई गई।

बताया जाता है कि रेड्डी का नाम कांग्रेस शासित तेलंगाना की सोशल इंजीनियरिंग से भी जुड़ा रहा है। वहां की सरकार ने सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत सर्वेक्षण के डेटा के विश्लेषण के लिए जिस पैनल का गठन किया था, उसकी अगुआई रेड्डी ने ही की है। वहीं, टीएमसी जैसे दलों की ओर से यह साफ कर दिया गया था कि इंडिया ब्लॉक की ओर से उम्मीदवारी में जो भी व्यक्ति सामने आए, वह गैर राजनीतिक हो। इसलिए रेड्डी के नाम पर आम सहमति बन गई।

बताया जाता है कि टीएमसी नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तमिलनाडु के नेता स्टालिन से कहा था कि चुनाव को तमिलनाडु बनाम तमिलनाडु बनाने का अच्छा संकेत नहीं जाएगा। फिर बात आई कि बिहार या उत्तर प्रदेश के किसी व्यक्ति को चुना जाए। इस पर कहा गया कि इसे बीजेपी दक्षिण में भुना लेगी। फिर छोटे राजनीतिक नाम से भी परहेज करने पर सहमति बनी। तब सबमें सहमति जस्टिस सुदर्शन रेड्डी के नाम पर हुई। इससे कांग्रेस को लगता है कि वह इस नाम को पेश कर आंध प्रदेश में भी अपनी साख जमा सकती है। चूंकि, विपक्ष गठबंधन की दक्षिणी राज्यों के दलों पर भी नजर है। विपक्ष के एक नेता ने कहा भी है कि उन्हें उम्मीद है कि वाईआरसीपी अब अपने रुख पर फिर से विचार करेगा। बता दें कि वाईआरएसीपी ने गत सोमवार को ही घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन का समर्थन करेंगे। इसे विपक्ष राधाकृष्णन की उम्मीदवारी का काउंटर मान रही है, जिसके जरिए एनडीए, डीएमके जैसे दलों को सोच में डालना चाहता है। तीसरा, बीजेपी नीत एनडीए के लिए दक्षिण भारत में अपनी जड़ें जमाना अब भी मुश्किल भरा कार्य है। चूंकि कर्नाटक में उसकी जमी-जमाई सियासी जड़ें भी सूखती चली गई, इसलिए उसकी राजनीतिक मुश्किलों को समझा जा सकता है। जबकि विपक्ष की सियासत के लिए दक्षिण भारत शुरू से ही एक ऐसा उर्वर राजनीतिक मैदान, रहा है, जहां से उसने भाजपा को सदैव मजबूत चुनौती पेश की है। इसलिए कहा जा सकता है कि जारी उपराष्ट्रपति चुनाव में इस पद के लिए घोषित उम्मीदवार रेड्डी पूर्व निर्धारित सियासी लड़ाई का विस्तारित रूप ही है। खासकर जिस तरह से एनडीए सहयोगी टीडीपी ने इंडिया ब्लॉक प्रत्याशी राधाकृष्णन के समर्थन का ऐलान किया है, उसका प्रभावी असर भी अब सत्ता पक्ष की रणनीति पर साफ-साफ दिखने भी लगा है और प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से भी उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन के लिए सहयोग मांगा है। उनके लिए खुशी की बात यह है कि इंडिया ब्लॉक के डीएमके ने एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन का समर्थन करने का फैसला किया है।

इसलिए कहा जा रहा है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहा चुनाव दोनों केंद्रीय सियासी गठबंधनों के लिए मौका और चुनौती दोनों लेकर आया है। अगर सौ फीसदी वोटिंग होती है, तो दोनों सदनों में मिलाकर चुनाव में जीत के लिए 394 वोट चाहिए होंगे। जबकि एनडीए के पास 422 का संख्या बल है। चूंकि उपराष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और सदस्य पार्टी व्हिप से नहीं बंधे होते हैं। इसलिए सरकार और विपक्ष, दोनों के शक्ति प्रदर्शन के लिए यह मौके के साथ साथ चुनौती भी है। यही वजह है कि दोनों राजनीतिक गुट की तरफ से अपने अपने समर्थन का दायरा बढ़ाने की कोशिश हो रही है। खासतौर पर दक्षिण से आने वाले क्षेत्रीय दलों पर एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों की नजरें होंगी। बताया जा रहा है कि मौजूदा उपराष्ट्रपति चुनाव में वैचारिक टकराव भी बढ़ेगा, क्योंकि उपराष्ट्रपति का पद किसी पार्टी का नहीं होता। इसलिए यदि इसकी गरिमा को देखते हुए अगर सर्वसम्मति से किसी को चुना जाता, तो ज्यादा अच्छा रहता। हालांकि अभी की राजनीतिक परिस्थितियों में ऐसी संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। देश में पिछले कुछ बरसों से जिस तरह का तनातनी भरा राजनीतिक माहौल है, उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष ज्यादातर मौकों पर दो विपरीत ध्रुवों पर नजर आते हैं। वहीं, जिन मामलों में सदन में सहमति की मांग थी, वहां भी सहमति नहीं बल्कि असहमति दिखी। जबकि यह तो चुनाव तय ही था, जहां वैचारिक लड़ाई व उससे निकलने वाला अंजाम दोनों ही महत्वपूर्ण है। चूंकि उपराष्ट्रपति का पद राज्यसभा के सभापति के दृष्टिगत एक अहम जिम्मेदारी भी समझी जाती है। इसलिए इस पद के इर्द-गिर्द हाल के महीनों में बहुत असाधारण हलचल देखने को मिली है। यही वजह है कि निवर्तमान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जिन हालात में और जैसे गए, उसे तो कदापि अच्छा नहीं कहा जा सकता है। इसलिए उम्मीद की जाती है कि यह चुनाव बेहतर माहौल में और इस पद के सम्मान को देखते हुए उसके हिसाब से लड़ा जाएगा। जीत जिसकी भी हो, उस पर लोकतात्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को आगे ले जाने की अहम जिम्मेदारी होगी। फिर भी यह सवाल मौजूं है कि एक देश, एक चुनाव का नारा देने वाली भाजपा व उसके सहयोगियों ने देश पर यह चुनाव असमय क्यों थोपा?

# डोनाल्ड ट्रंप ने खोया अपनों को भरोसा



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी कि वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरु किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ ही अमेरिका की फजीयत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की ही साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही यूक्रेन की जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाब तो यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेटी तो साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेटी हुई वह भी सबके सामने हैं। भले ही पुतिन जेलेंस्की मुलाकात करने को राजी हो गये हो पर सीज फायर हो भी गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा इसमें पूरी तरह से संदेह है।

इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह किसी विश्व नेता के लिए शर्मनाक से कम नहीं होने चाहिए। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान है ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है। एक तरह से देखा जाए तो ट्रंप किसी मसखरें की छवि में दुनिया के देशों के सामने आ रहे हैं। टैरिफवार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीजफायर करने के दावें की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देषों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच देर सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाईट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे है तो दूसरी और अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं। हालांकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा धमकाकर समझौता करना चाहता है यही कारण है कि समझौते क प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये।

भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं पर चाहे रुस यूक्रेन युद्ध हो, चाहे इजरायल हमास या फिर भारत पाक ट्रंप किसी बहुरूपिये की तरह से एक्सपोज हो गए हैं। इससे रुस और पुतिन का विश्व राजनीति में उभार का अवसर मिला है वही दुनिया के देशों की कोरोना व अन्य नीतियों के कारण चीन के प्रति बनी सोच में भी बदलाव आने लगा है। इसके साथ ही दुनिया के देशों में आज भारत की छवि भी बदलाव आया है और भारत को सशक्त और दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम देश के रुप में देखा जाने लगा है। टैरिफ वार के नाम पर भारत को धमकाना और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ लंच करने से अमेरिका और ट्रंप दोनों की साख नकारात्मक रुप से प्रभावित हुई है। ट्रंप के निर्णय के यही हालात रहे तो अमेरिका हाशियें में आ जाएं तो कोई अनपेक्षित बात नहीं होगी। ऐसे में ट्रंप के सलाहकारों को यह समझाना होगा कि ड़राने धमकाने का या दादागिरी का समय नहीं रहा है छोटा से छोटा देश अपनी अस्मिता के लिए लंबा संघर्ष करने में पीछे हटने वाला या झुकने वाला नहीं हैं। रुस यूक्रेन युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है। ट्रंप को अपनी हैसियत बनाये रखनी है तो उसे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा नहीं तो वह अपने देश में ही बदनामी के शीर्ष पर पहुंच जाएगा। ट्रंप को अपने पराये की पहचान करनी होगी। एलन मस्क ने आज साथ छोड़ दिया है बल्कि ट्रंप के खिलाफ झंडा उठा लिया है, भारत और मोदी ने तबज्जु देना बंद कर दिया है ऐसे में वो दिन दूर नहीं जब दुनिया के देश अमेरिका को आंख दिखाना शुरु कर देंगे। कहीं ऐसा ना हो कि छब्बे जी बनने के चक्कर में दुबे जी भी ना रहे ट्रंप महाशय।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन यात्रा

**हरिशंकर व्यास**

खबर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन जा रहे है। 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शायद भाग ले। सन् 2020 में गालवान घाटी में चीन की दादागिरी के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। और क्या गजब है जो भारत पर ट्रंप के टैरिफ की घोषणा के बाद भारत में चीन के राजदूत झू फेइहोंग ने ट्रंप को धौंस जमाने वाला (बुली) कहा और बिना किसी का नाम लिए एक्स पर लिखा-अगर आप एक बुली को एक इंच देंगे, तो वह एक मील ले लेगा। यह भी बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति के मुख्य सलाहकार के बीच बातचीत हुई है। उधर अजित डोवाल रूस गए और फिर खबर थी कि राष्ट्रपति पुतिन साल के आखिर में भारत यात्रा पर आएगें। ध्यान रहे ट्रंप से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिन पिंग के साथ ही झूला झूला था और राष्ट्रपति पुतिन के वे वैसे ही सखा था जैसे बाद में डोनाल्ड् ट्रंप के हुए। अब ट्रंप बिगडे है तो प्रधानमंत्री को वे पुतिन और शी जिन पिंग याद आए है जो पूरी दुनिया के लिए फिलहाल नंबर एक युद्ध अपराधी तथा विश्व की आर्थिकी को खाने वाला ड्रेगन है। सबसे गंभीर बात कि घंटे-आधे घंटे के जिस 'आपरेशन सिंदूर' में भारत के लडाकू विमानों को नुकसान हुआ वह पाकिस्तानी सेना के साथ चीन की सेना के प्रत्यक्ष-परोक्ष साझे से था। तब रूस ने भी भारत के लिए एक शब्द नहीं बोला था। लेकिन इन दो नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी फिर से झूला झूल कर ट्रंप को अपना रूतबा बताएंगे। सवाल है विश्व राजनीति के तड़ीपार पुतिन की दिल्ली में मेजबानी और शी जिन पिंग की मेहमानवाजी भोगने से क्या भारत की शान बढ़ेगी? क्या चीन-रूस अब भारत से वह निर्यात खरीद लेंगे जो अमेरिका खरीदता है? इससे भी अंहम सवाल है कि क्या मोदी सरकार को गलवान से आपरेशन सिंदूर तक के अनुभवों में इतना भी समझ नहीं आया कि चीन का हर व्यवहार भारत से दुश्मनी का है। जबकि वह पाकिस्तान का सरपरस्त ही नहीं है बल्कि उसके भारत विरोधी सैन्य ऑपरेशन में साझेदार भी था। उधर चीन अब रूस का भी वैसे ही सरपरस्त है जैसे पाकिस्तान का है। दक्षिण एसिया, पूरे एसिया का बुली (गुंडा-दादा) चीन है या अमेरिका? भारत को पहले धंधे, टैरिफ की चिंता करनी चाहिए या सीमा की सुरक्षा, सामरिक, भूराजनैतिक हितों की? क्या प्रधानमंत्री दफ्तर, विदेश मंत्रालय, अजित डोवाल के दफ्तर में इतनी भी मेमोरी नहीं है जो ध्यान रहे कि इसी मई के महिने में ही पाकिस्तान ने चीनी लडाकू विमान, चीन की मिसाइल, सेटेलाइट इमेज के बेकअप से भारत की सेना को जवाब दिया। चीन के सैन्य अधिकारी, मंत्री इस्लामाबाद में बैठे रहे। और रूस याकि पुतिन ने उस दौरान एक भी ऐसा संकेत नहीं दिया जिससे भारत की हिम्मत बंधे। कोई न माने मेरा मानना है कि रूस और पाकिस्तान दोनों अब चीन के नेता शी जिन पिंग के वफादार पठ्ठे है। चीन ने ही जनरल मुनीर को ट्रंप के यहां कूटनीति का रोडमैप दिया हुआ होगा। फिलहाल पाकिस्तान, कतर, चीन सभी चाहते है कि हाल के दशकों में उभरते भारत, भीड की बाजार ताकत वाले भारत से विश्व राजनीति में भारत की बनी पहचान जैसे भी हो पंचर हो।

# गुलहड़ का फूल बना देगा आपको खूबसूरत..

गुड़हल का फूल जिसके बारे में आपने प्राइमरी स्कूल की किताबों में पढ़ा था। यह सिर्फ देखने में ही सुंदर नहीं होता बल्कि यह सेहत और सुंदरता का खजाना लिए हुए होता है। इसे हिबिसकस या जवाकुसुम भी कहते हैं। इसके सभी हिस्सों का इस्तेमाल खाने, पीने या दवाओं के काम के लिए किया जा सकता है। यूनानी दवाओं में गुड़हल का बहुत उपयोग होता है और इससे कॉलेस्ट्रॉल, मधुमेह, रक्तचाप, गुर्दे की बीमारियों और गले के संक्रमण जैसे रोगों का इलाज किया जाता है।

यह विटामिन सी, कैल्शियम, वसा, फाइबर, आवरन, नाइट्रोजन, फासफोरस, टेटरिक और ऑक्सीलिक एसिड, फ्लेवोनॉयड्स और फ्लेवोनॉयड ग्लाइकोसाइड्स का बढ़िया स्रोत है।

गुड़हल को हर्बल चाय, कॉकटेल या काढ़े के तौर पर लिया जा सकता है। फूलों को सुखाकर इसकी हर्बल चाय बनाई जा सकती है। पानी उबलने पर सूखे फूल डाल दीजिए और थोड़ी चीनी मिलाकर चाय तैयार हो जाएगी। कॉकटेल के लिए इसे ठंडा होने दें और बर्फ के साथ पिएं। यह सेहत के लिए गुणकारी चाय है।

गुड़हल का फूल विटामिन सी का बढ़िया स्रोत है और इससे कफ, गले की खराश, जुकाम और सीने की जकड़न में फायदा मिलता है।

गुड़हल की पत्तियां प्राकृतिक हेयर कंडीशनर का काम देती हैं और इससे बालों की मोटाई बढ़ती है। बाल समय से पहले सफेद नहीं होते। बालों का झड़ना भी बंद होता है। सिर की त्वचा की अनेक कमियां इससे दूर होती है। इसकी पत्ती से बनी दवा से प्रसव संबंधी विकार, फोड़े-फुंसियाँ, और सूजन के उपचार में भी मदद मिलती है। गुड़हल का सत्व त्वचा में निखार और दमक लाता है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कॉलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुँचाता है जो ह्रदय रोगों का कारण बनते हैं।

गुड़हल फूल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट कॉलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखते हैं।

यूनानी दवाओं में गुड़हल काढ़े या चाय के तौर पर दिया जाता है। इसमें चीनी नहीं मिलाई जाती और इससे शरीर में ग्लकोज का संतुलित स्तर बनाए रखने में मदद मिलती है। गुड़हल का इस्तेमाल यूनानी दवाओं में उत्तेजक के तौर पर किया जाता है। हर्बल चाय या कॉकटेल के तौर पर लेने से यह दिल और दिमाग को ठंडक देता है। गुर्दे या मूत्रनली में विकार से ग्रस्त लोग गुड़हल की चाय को बिना चीनी मिलाए पी सकते हैं और इससे काफी लाभ मिलता है। गुड़हल के फूल का सत्व दिल की मजबूती के लिए उपयोगी है। यह जीवन शैली से जुड़ी समस्याओं जैसे कॉलेस्ट्रॉल, रक्तचाप और मधुमेह की बीमारी में लाभ पहुंचाता है जो ह्रदय रोगों का कारण बनते हैं।



# स्कार्फ को अलग-अलग आउटफिट्स के साथ कैसे करें स्टाइल?



### स्टोल्स और साड़ी का कॉम्बो

हम स्टोल को साड़ी के साथ भी टाई अप करके पहन सकते हैं. स्टोल और साड़ी का कॉम्बो आपको काफी क्लासी व एलिगेंट लुक देगा. आप किसी पार्टी या खास फंक्शन के लिए यह लुक आज़मा सकती हैं. आप स्टोल्स को किसी भी तरह की साड़ी के साथ पहन सकती हैं. बस इतना ध्यान रखें कि आपका स्टोल ज्यादा हैवी न हो और स्टोल चुनते समय यह भी ध्यान रखें की वह आपकी साड़ी से मैच करता हो. आप चाहें तो कश्मीरी कारीगरी किया हुआ या फिर पश्मीना वर्क किया हुआ स्टोल चुन सकती हैं, क्योंकि साड़ी के साथ इस तरह के स्टोल स्टाइलिश दिखते हैं. स्टोल को आप सिम्प्ली कंधे पर रखें, इसे ओढ़ें बिल्कुल भी नहीं. ओढ़ने से आपका लुक पूरी तरह से खराब हो सकता है. जिस साइड आपका पल्लू हो उसकी दूसरी साइड स्टोल को रखें. हेयर स्टाइल की बात करें तो, आप अपने बालों को बांधकर एक नीट और क्लीन बन बना लें.

### ऑफिस लुक

यदि आप ऑफिस में वुलन स्टोल कैरी करना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स आपके काम आएंगे. स्टोल को आप ब्लैक पैंट्स, व ब्लू कलर की शर्ट के साथ मैच अप कर सकती हैं. ध्यान रखें कि स्टोल आपका ज्यादा ब्राइट और हैवी वर्क किया हुआ न हो. ऑफिस में आप हैवी वर्क किया हुआ आउटफिट अवॉइड ही करें तो ज्यादा बेहतर होगा. ऑफिस लुक को आप जितने हो सके सिम्पल और सूदिंग ही रखें.

### पार्टी या फंक्शन लुक

स्टोल को आप ड्रेस के साथ भी पहन सकती हैं. यह लुक भी पार्टी या किसी खास फंक्शन के लिए एक दम परफेक्ट है. इस लुक के लिए आपको ज्यादा कुछ खास मेहनत करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है. बस आप अपनी ड्रेस को सैंडल की जगह बूट्स के साथ पेअर करें. यदि आपकी ड्रेस ब्लैक कलर की है तो आप इसके साथ पोल्का डॉट स्टोल पेअर कर सकती हैं. हेयर स्टाइल में आप हाई पोनी बनाकर अपने लुक को पूरा कर सकती हैं.

### लम्बे वुलन स्टोल

यदि आपके पास लम्बे वूलन स्टोल हैं तो आप उसे जीन्स, व टॉप के साथ पेअर कर सकती हैं. यदि आपके पास ब्लैक और ब्राउन कलर के स्टोल हैं तो ग्रे जींस, वाइट टॉप और लाइट ब्राउन ट्रेंच कोट के साथ पेअर कर सकती हैं. इसके साथ आप मीडियम हाई बूट्स पहनकर अपना लुक पूरा करें.

### फ्लोरल प्रिंट स्टोल

आप फ्लोरल प्रिंट स्टोल को सूट के साथ भी पहन सकती हैं. फ्लोरल स्टोल को आप लॉन्ग कुरता और लेगिंग, जीन्स या लॉन्ग स्कर्ट के साथ पेअर कर पहन सकती हैं. स्टोल को आप अपनी दुपट्टे की जगह इस्तेमाल कर सकती हैं.

### शॉल बनाम स्टोल

हम शॉल को भी काफी स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकते है. यह सिर्फ उम्रदराज़ महिलाओं का ही पहनावा नहीं है. यदि आप इसको स्टाइलिश तरीके से कैरी करें तो बोरिंग शॉल भी फैशनेबल वियर हो सकती है. इसके लिए शॉल को आप ड्रेप करके भी पहन सकती हैं. आप शॉल को हाई लॉन्ग बूट्स और नेक कवर स्वेटर के साथ पहन सकती हैं. या इसको आप बेल्ट के साथ भी टाई अप करके पहन सकती हैं.



# बालों को झड़ने से बचाएंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे...

इस दौड़ती-भागती ज़िंदगी और असंतुलित खानपान व लाइफस्टाइल की वजह से बालों के झड़ने की समस्या बिल्कुल आम है. महिला हो या पुरुष, आजकल सभी को इस परेशानी से दो-चार होना ही पड़ रहा है. पुरुषों में यह समस्या आनुवांशकीय कारण से भी होती है, लेकिन महिलाओं की इस परेशानी में आनुवांशकीय कारणों की कोई भूमिका नहीं होती है. यह परेशानी उन्हें पोषक तत्वों की कमी, हार्मोनल उतार-चढ़ाव या किसी बीमारी की वजह से होती है. बालों को झड़ने से रोकने के लिए उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है.



**आंवला**

6 रसों से युक्त आंवला को आयुर्वेद की दिव्य औषधि के रूप में जाना जाता है. इसमें पाए जाने वाले विटामिन्स मिनरल्स और एल्कलॉइड बालों के लिए इसे एक शानदार टॉनिक बनाते हैं. बालों को स्वस्थ रखने के लिए हमें आंवला और उससे बने खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करना चाहिए. सुबह-शाम आंवला चूर्ण भी खाया जा सकता है.

**ब्राह्मी**

आयुर्वेदिक हर्ब ब्राह्मी, बालों की रक्षा करने और बालों के विकास में सहायक होती है. यह बालों की जड़ों को पोषण प्रदान कर उन्हें मज़बूत बनाती है. ब्राह्मी की पत्तियों को सुखाकर इसका पाउडर बनाया जाता है, जिसे आप गर्म पानी में मिलाकर पी सकते हैं. ब्राह्मी तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह तनाव से होने वाले हेयर फ़ॉल को रोकने में बहुत कारगर होती है.

**एलोवेरा**

एलोवेरा के ताज़े पल्प में एक एन्जाइम होता है, जिसे सिर की त्वचा पर लगाने से मृत कोशिकाएं समाप्त होकर नई कोशिकाएं विकसित होती हैं. इसके अलावा एलोवेरा को जूस के रूप में लेने या साबूत खाने से भी रूसी की समस्या ख़त्म होती है, बालों का झड़ना रुक जाता है और नए बालों आने में मदद मिलती है.

**अश्वगंधा**

अश्वगंधा में टायरोसिन नामक आवश्यक एमिनो एसिड पाया जाता है, जो बालों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक होता है. यह बालों को समय से पहले सफ़ेद होने से रोकता है और बालों की वृद्धि में सहायक होता है.

**बरगद की जटा**

जो औषधि जिस आकार की दिखती है, मूलतः वह उस जैसे अंग को लाभ पहुंचाती है. बरगद की जटा बालों के लिए एक शानदार दवाई है, जो हमारी जटाओं अर्थात बालों को स्वस्थ रखने में मदद करती है. वट जटा का पाउडर बना कर उसका सेवन कर सकते हैं.

**अमरबेल**

बरगद की जटाओं की ही तरह अमरबेल भी ऐसी ही एक जड़ी-बूटी है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने विकास के लिए जानी जाती है. अमरबेल का तेल व उससे बना काढ़ा बालों की ग्रोथ के लिए लाभदायक होता है.

# मेकअप में प्राइमर की क्यों ज़रूरत होती है?

**यह पोर्स यानी त्वचा के रोमछिद्रों को छुपाता है**

अगर आपकी त्वचा ऑयली है, आपने ध्यान दिया होगा कि कैसे आपके पोर्स फ़ाउंडेशन लगाने के बाद और भी ज्यादा दिखने लगते हैं. यह तब और भी बुरा हो जाता है, जब आप ख़ुद को चेहरे को सूरज की रौशनी में देखती हैं. प्राइमर की सबसे अच्छी बात यह है कि यह पोर्स को काफी हद तक छुपा देता है. जब भी आपको कहीं बाहर जाना हो या शाम की किसी पार्टी में जाना हो, तब एक प्राइमर आपको बेदाग़ खूबसूरती और दमकती त्वचा देने में मदद कर सकता है.



**यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है**

मेकअप का नेगेटिव पहलू क्या है? वह पिघलने लगता है, स्किन के ऑयलीनेस की मेहरबानी से. हम कह सकते हैं आपके शानदार मेकअप और त्वचा के ऑयलीनेस में पैदाइशी दुश्मनी है. पर आप जानती हैं, प्राइमर एक ऐसा प्रॉडक्ट है, जो आपके मेकअप को भद्दा दिखने और आपको शर्मसार होने से बचा सकता है. क्लेंज़िंग-टोनिंग-मॉइस्चराइज़िंग रूटीन के खत्म होते ही अपनी त्वचा को एक-दो मिनट तक मॉइस्चराइज़र को एब्ज़ॉर्ब करने का समय दें. ऐसा करने से न केवल आपकी त्वचा की नमी बरक़रार रहेगी, बल्कि वह नर्म और मुलायम भी बनेगी. उसके बाद प्राइमर का रुख़ करें. अपने हाथ के पीछे की तरफ़ मटर के दाने जितना प्राइमर निकालें.

**यह मैट लुक पाने में आपकी मदद करता है**

ऑयली त्वचा आपके चेहरे को ग्रीसी और चमकीला बना देती है. ज़ाहिर है आप इस तरह का ग्लो तो नहीं पाना चाहेंगी. पर आप चिंता न करें, आपकी ऑयली स्किन की सभी समस्याओं का एक ही समाधान है-प्राइमर. ऑयल कंट्रोल करने के लिए जेल बेस्ड प्राइमर लगाएं. इसमें ऑयल एब्ज़ॉर्ब करने का गुण होता है. मॉइस्चराइज़िंग के बाद चेहरे पर इसे लगाने से यह त्वचा की नैचुरल ऑयल को कंट्रोल करता है. ऐसा वह पोर्स को भरकर करता है. यह फाउंडेशन और आपकी त्वचा के बीच एक दीवार का काम करता है. इस तरह यह ऑयली स्किन के चलते आपको होनेवाली दूसरी समस्याओं, जैसे-ऐक्ने और ब्रेकआउट्स को भी दूर रखता है. तो अब बेफ़िक्र होकर तैयार होइए. आपके मेकअप के मेल्ट होने की समस्या को प्राइमर संभाल लेगा.



# गोरी से लेकर सांवली रंगत के लिए कैसे चुनें ब्लश?

हर लड़की गुलाबी गाल चाहती है. और यह गुलाबी गाल आपको मिलता है ब्लश की मदद से. ब्लश आपके गालों को ग्लो देते हैं और आपको परियों-सा खूबसूरत लुक. ब्लश लगाने के बाद आपका चेहरा खिला-खिला और नैचुरली गुलाबी नज़र आना चाहिए. जिसके लिए बहुत ज़रूरी है कि आप अपनी रंगत के अनुसार सही ब्लश चुनें. यदि आप अपनी स्किन टोन के मुताबिक़, ब्लश नहीं चुनती, तो यह आपके चेहरे को बेजान और भद्दा लुक दे सकता है. इसलिए हम आपको यहां आपकी रंगत के मुताबिक़, ब्लश चुनने में आपकी मदद कर रहे हैं. अपनी स्किन टोन को समझें और फिर ब्लश ख़रीदें, ताकि आपकी दमक पूरी तरह से नैचुरल लगे.

### गोरी रंगत

गोरी रंगत वाली महिलाओं को हमेशा हल्के शेड वाला ब्लश चुनना चाहिए. वाइब्रेंट कलर्स आपके चेहरे को बनावटी दिखा सकते हैं. सौम्य गुलाबी, पीच के शेड्स आपको ख़ूबसूरत लुक देंगे. यहां तक हल्का कोरल शेड भी आपकी रंगत पर जंचेगा.

### सांवली रंगत

वैसे तो गोरी रंगत की ही तरह सांवली रंगत पर भी हल्के शेड्स जंचेंगे, लेकिन नैचुरल लुक पाने के लिए थोड़े तीव्र रंग चुनें. गुलाबी के तीव्र शेड्स के साथ प्रयोग करें. आपके गालों को उभारने के लिए मोव अंडरटोन्स वाला ब्लश चुनें.

### गहरी रंगत

यदि आपकी रंगत गहरी है, तो आप आप रेड, ऑरेंज, प्लम या ब्राउन जैसे शेड्स चुन सकती हैं. वाइब्रेंट शेड्स गहरी रंगत पर ज़्यादा जंचते हैं. आपके ब्लश में हल्का-सा शिमर हो, तो आपका लुक और भी ग्लैमरस लगेगा.

# क्या आपको भी मेडिटेशन करते वक्त आती है नींद ?



मेडिटेशन आज के वक्त में लोगों की जरूरत बन गया है। तनाव को कम करना, अच्छी नींद, दिमाग को शांत रखना, स्थिरता को बनाए रखना, मानसिक शांति के लिए लोग मेडिटेशन करना पसंद करते हैं। शुरुआत में कई लोग मेडिटेशन में विश्वास नहीं रखते हैं लेकिन कुछ महीने बाद परिणाम मिलने पर उसे फॉलो करने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई बार लोग मेडिटेशन करते वक्त सो जाते हैं,ऐसा एक बार सभी के साथ होता है। लेकिन इस क्रिया से कैसे बचें, नींद और मेडिटेशन में कैसे अंतर करें और नींद आने के कारण होते हैं।

मेडिटेशन करते वक्त नींद के प्रमुख कारण

-थकान रहना

-नींद की कमी या नींद पूरी नहीं होना

-रूम में मेडिटेशन करना

-मेडिटेशन से पहले हैवी नाश्ता करना या भोजन कर लेना

-तनाव रहना

नींद को कैसे भगाएं

- खाना या बहुत अधिक नाश्ता नहीं करें।

-दिनभर खूब पानी पीएं।

-खुले आसमां के नीचे मेडिटेशन करें।

-अधिक नींद आने पर एक जगह ध्यान केंद्रित कर आंखे खोलकर मेडिटेशन करें।

-भरपूर नींद लें और बॉडी को आराम दें।

-अलार्म लगाकर मेडिटेशन करें।

-स्लो म्यूजिक चलने दें।

# बढ़े हुए वजन को घटाने के लिए आजमाएं ये घरेलू नुस्खे

ऑफिस में घंटों एक ही जगह पर बैठे-बैठे काम करते रहने के कारण हमें कई सारी बीमारियां घेर लेती है। इन्हीं में से एक है मोटापा। हमारा वजन कई कारणों से बढ़ता है। एक ही जगह पर बैठे रहना, शारीरिक गतिविधियों में शामिल न होना और कुछ भी उल्टा-सीधा खाते रहना जैसी कई आदतें हैं, जो हमारा वजन बढ़ाती हैं। यहां हम आपको आपके बढ़े हुए वजन को कम करने के कुछ घरेलू उपाय बताएंगे...

### गर्म पानी

यह शक्ति में गर्म होता है और फैट टिशू में गहराई से प्रवेश करता है और फैट को जल्दी से पिघलाने में मदद करता है। इसके साथ ही ये मेटाबॉलिज्म में भी सुधार करता है।

### दालचीनी

दालचीनी एक ऐसा नेचुरल मसाला है, जो पाचन में सुधार करता है। ये शुगर लेवल को कम करने के साथ-साथ, कोलेस्ट्रॉल कम करता है और फैट जलता है। सुबह के समय में खाली पेट 1 चम्मच शहद के साथ लेना सबसे बेहतर रहता है।

### नींबू

नींबू सबसे प्रसिद्ध प्राकृतिक वजन घटाने का उपाय है जो वास्तव में काम करता है। लेकिन जोड़ों के दर्द और हाइपर एसिडिटी वाले लोगों को इसके सेवन से बचना चाहिए। दूसरों के लिए, खाली पेट गर्म पानी के साथ एक नींबू वजन घटाने में बहुत मददगार है।



# कैसा हो आपका ब्रेकफास्ट और जानें, तीन सेहतमंद ब्रेकफास्ट विकल्प

दिन का पहला मील सेहत से भरपूर और ऊर्जा देनेवाला होना चाहिए. अच्छा नाश्ता न केवल आपके शरीर, बल्कि आपके दिमाग़ को भी चुस्त-दुरुस्त रखता है. नाश्ता मोटापा कम करने, ब्लड प्रेशर व शुगर लेवल को नियंत्रित करने, दिल से जुड़ी बीमारियों की संभावना को घटाने में मदद करता है. हम जानते हैं कि सुबह-सुबह की भाग-दौड़ में आप अक्सर अपना नाश्ता भूल जाते हैं. इसलिए ज़रूरी है कि आप अपने नाश्ते को पहले से ही प्लैन करें, ताकि आप इसे किसी भी सूरत में मिस न करें. अपनी पसंद के अनुसार, फलों, हरी सब्ज़ियों, नट्स, ओट्स, पोहा, उपमा, कॉर्न फ़्लेक्स, अंडे इत्यादि ढेरों विकल्प में से आप अपने लिए ब्रेकफ़ास्ट ऑप्शन चुन सकते हैं, जो आपको दिनभर ऊर्जावान बनाए रखे. सप्ताह में एक दिन बैठकर पूरे सप्ताह के ब्रेकफ़ास्ट का मेन्यू बना लें. उन्हें बनाने के लिए ज़रूरी सामान बाज़ार से ले आएं. यदि आपको ऑफ़िस के लिए देरी होती है, तो अपना नाश्ता टिफ़िन में भरकर ले जाएं और सफ़र के दौरान खाएं. रात में ही सुबह के नाश्ते के लिए थोड़ी-बहुत तैयारी कर लें. न्यूट्रिशनिस्ट्स की मानें, तो दिन के पहले मील यानी ब्रेकफ़ास्ट में कार्ब्स और प्रोटीन्स होने चाहिए.

### वेजेटेबल सांभार और चटनी के साथ इडली

इडली में मौजूद चावल से हमें कार्ब्स मिलता है, वहीं दाल से प्रोटीन. दूसरी ओर सांभार में भी दाल होता है, जिससे सुबह-सुबह हमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा मिल जाती है. सांभार में पड़नेवाले मसाले हमें कई विटामिन्स और मिनरल्स मिलता है. चटनी में नारियल होता है, जो हमें आवश्यक फैट देता है.



### पनीर मटर परांठा और दही

गेहूं के परांठा से हमें दिनभर का 60% कार्ब्स मिल जाता है. वहीं पनीर, मटर से प्रोटीन. घी से मिलनेवाला फैट और विटामिन हमारे शरीर को पोषण देता है. सुबह-सुबह का यह नाश्ता आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का एहसास भी देगा.



### भुना हुआ पालक, पोच्ड अंडा और किसी भी स्प्रेड के साथ ब्राउन ब्रेड टोस्ट

आजकल यह नाश्ता बहुत ट्रेंड में है. यदि आपके पास वक़्त न हो, तो आप भी अंडा, कोई हरी सब्ज़ी और ब्राउन ब्रेड नाश्ते में ले सकते हैं. टोस्ट से हमें कार्ब्स मिलता है, वहीं अंडा प्रोटीन देता है. टोस्ट पर लगा बादाम, मूंगफली का स्प्रेड हमें प्रोटीन और ज़रूरी फैट देता है. पालक मिनरल्स और विटामिन का समृद्ध स्रोत है.



आज की रेसिपी

# आमंड उपमा हैश ब्राउन



**सामग्री :**

1 कप बादाम का आटा, 1/4 कप सूजी, 1/2 टेबल स्पून घी, 3-4 करी पत्ते, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1/2 टी स्पून उड़द दाल, 2 टी स्पून अदरक, टुकड़ों में कटा हुआ, 2 टी स्पून हरा धनिया, टुकड़ों में कटा हुआ, 1/2 कप प्याज, टुकड़ों में कटा हुआ, 1 टी स्पून हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ, 4 टेबल स्पून बादाम कटा हुआ, रोस्टेड 1 टेबल स्पून ताजा नारियल, स्वादानुसार नमक, 200 ml (मिली.) पानी, देसी घी/ जैतून का तेल ग्रिल करने के लिए

**विधि**

- एक पैन में घी गरम करें. राई डालें और उन्हें फूटने दें.
- उड़द की दाल, करी पत्ते, नारियल, कटा हुआ अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज डालें. सुनहरा होने तक भूनें. सूजी डालकर 1.2 मिनट तक सूखा भून लें.
- अब बादाम पाउडर डालें और हल्का पीला होने तक भूनें.
- पानी डालें और उसमें नमक डालें. दलिया जैसी स्थिरता प्राप्त होने तक पकाएं. आंच से उतार लें और 1 टेबलस्पून कटे हुए बादाम और कटा हरा धनिया डालें.
- इसे घी लगी ट्रे में फैलाएं] बचे हुए बादाम छिड़कें और ठंडा होने दें- मनचाहे आकार में काट लें-
- उन्हें एक नॉन-स्टिक तवे पर देसी घी जैतून के तेल के साथ धीमी आंच पर हल्का सुनहरा रंग और हैश ब्राउन की तरह fdzLih होने तक ग्रिल करें-

# तेहरान में नया है मधुरिमा तुली का किरदार



अभिनेत्री मधुरिमा तुली अपनी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के विपरीत जासूस काजल सिंघानिया का रोल निभाया है। फिल्म में अपने रोल के बारे में मधुरिमा ने कहा कि पिछली फिल्मों के मुकाबले इस फिल्म में उनका रोल एकदम अलग और नया है।

### फिल्म में नया है मधुरिमा का रोल

बातचीत में मधुरिमा तुली ने कहा मेरे पिछले किरदारों के मुकाबले तेहरान में मेरा रोल सबसे अलग और नया है। मैंने पहले काल्पनिक रोल जैसे राजकुमारी, पुलिस और योद्धा का किरदार निभाया था लेकिन इस फिल्म में असली रोल निभाया है। यह रोल किसी से प्रेरित नहीं है। इस रोल से मैंने जुड़ाव महसूस किया है।

### फिल्म में काम करने के लिए तुरंत कहा हां

मधुरिमा ने बताया कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत जल्दी तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा तेहरान का पूरा सेट बहुत अच्छा था, चाहे वह मेरे साथी कलाकार हों, प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स हो या फिर कहानी हो। यह सच्ची घटना पर आधारित है। सब कुछ बहुत अच्छा था। इसलिए इस फिल्म को ना कहने के लिए मेरे पास कोई कारण नहीं था। जब मैंने सुना कि यह रोल जॉन के विपरीत है तो मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया।

### जमीनी और भावनात्मक है रोल

मधुरिमा को लगता है कि तेहरान ने उन्हें एक जमीनी और भावनात्मक स्तर पर रोल निभाने का मौका दिया है। फिल्म में उन्होंने महिलाओं की ताकत को दर्शाया जो अपने प्रियजनों का सपोर्ट करती है।

### तेहरान के बारे में

फिल्म तेहरान सच्ची घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म रूस-यूक्रेन की जंग से जुड़ी है। फिल्म में जॉन अब्राहम, मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा, मधुरिमा तुली और एलनाज नौरोजी हैं। फिल्म का निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है। इसके लेखक रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा हैं। यह फिल्म ओटीटी पर स्वतंत्रता दिवस से पहले 14 अगस्त को रिलीज हुई।




# इब्राहिम अली खान ने अपनी अगली फिल्म के बारे में दी अपडेट



सैफ अली खान के बेटे और अभिनेता इब्राहिम अली खान इन दिनों बहुत व्यस्त चल रहे हैं। उनके पास कई प्रोजेक्ट हैं। हाल ही में उनकी फिल्म सरजमीं रिलीज हुई है। इसके बाद उन्होंने दिलेर पर काम करना शुरू किया है।

### इब्राहिम ने दी अगली फिल्म की अपडेट

अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें नजर आ रहा है कि वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो में हैं। उन्होंने इन तस्वीरों के जरिए अपने फैंस को अपनी अगली फिल्म के बारे में अपडेट दी है। पोस्ट के मुताबिक दिलेर दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। इसका निर्देशन कुणाल देशमुख कर रहे हैं। उन्होंने जन्नत और तुम मिले जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

### पूरी हो गई दिलेर की शूटिंग

खबरों के मुताबिक दिलेर की शूटिंग इसी साल जनवरी में पूरी हुई है। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़, मुंबई, लंदन और कई दूसरी जगहों पर हुई है। कुणाल देशमुख की पत्नी सोनाली ने फिल्म पूरी होने पर कई तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा दिलेर की शूटिंग पूरी हो गई। बहुत अच्छा सफर था।

### श्रीलीला भी आएंगी नजर

फिल्म में इब्राहिम अली खान अहम किरदार में हैं। इसमें उनके साथ लीड रोल में साउथ की अभिनेत्री श्रीलीला हैं। फिल्म के बारे में बाकी जानकारी को गुप्त रखा गया है।

### इब्राहिम अली खान का वर्कफ्रंट

इब्राहिम अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में कायोज ईरानी की फिल्म सरजमीं में नजर आए थे। इसमें उनके साथ काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन ने अभिनय किया है। फिल्म में उन्होंने एक आर्मी अफसर के बेटे का किरदार निभाया है। उन्हें आतंकवादी किडनैप कर लेते हैं और कई वर्षों के बाद छोड़ते हैं।

# रियल लाइफ गैंगस्टर के साथ काम कर चुकी हैं भाग्यश्री



भाग्यश्री ने खुलासा किया कि उन्होंने एक बार एक असली गैंगस्टर के साथ काम किया था, जिस पर 20 से ज्यादा हत्याओं का आरोप था। यह अनुभव उनकी एक तेलुगु फिल्म के दौरान हुआ। उस दौरान वह बहुत डर गई थीं।

### गैंगस्टर के साथ काम कर चुकी हैं भाग्यश्री

दूरदर्शन सह्याद्रि को दिए इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि वह शुरू में उस गैंगस्टर के साथ काम करने से बहुत डर रही थीं। फिल्म की कहानी अपराधियों के निजी जीवन पर आधारित थी और सरकार की अनुमति से उस गैंगस्टर को जेल से शूटिंग के लिए लाया गया था। भाग्यश्री ने इसमें एक पत्रकार का किरदार निभाया, जो यह दिखाना चाहती थी कि कोई व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसे अपराधी बनाती हैं।


### कैसा था गैंगस्टर का लुक

भाग्यश्री ने बताया कि सेट पर जब उन्हें गैंगस्टर के आने की खबर मिली, तो वह घबरा गईं। गैंगस्टर भगवा कपड़े और गले में कई जंजीरें पहने हुए था और उसके साथ 10-12 अंगरक्षक थे। जब उसने भाग्यश्री से कहा, मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं, तो वह और डर गईं। लेकिन बाद में, जब गैंगस्टर ने बताया कि उसकी बहन भाग्यश्री जैसी दिखती है, तो उन्हें राहत मिली।

### भाग्यश्री का करियर

भाग्यश्री ने 1989 में अपनी पहली फिल्म मैंने प्यार किया से बॉलीवुड में धमाकेदार शुरुआत की थी। उसी साल उन्होंने हिमालय दासानी से शादी की। हालांकि, अब वह लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं।

# 'कुली' और 'वॉर 2' को लेकर बेहद रोमांचित साउथ एक्टर नानी




रजनीकांत की कुली और ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर की वॉर 2, 14 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। दोनों फिल्मों को लेकर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त टक्कर होने की उम्मीद है। इसे लेकर साउथ अभिनेता नानी ने अपने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि वो नागार्जुन को विलेन के तौर पर देखने के लिए काफी रोमांचित हैं। साउथ एक्टर नानी ने वॉर 2 और कुली के रिलीज से पहले अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे यकीन है कि तारक (जूनियर एनटीआर), ऋतिक सर के साथ हमेशा की तरह कमाल कर देंगे। साथ ही मुझे यकीन है कि रजनी सर दुनिया को दिखा देंगे कि वह क्यों सर्वश्रेष्ठ हैं। लेकिन मैं सबसे ज्यादा उत्साहित नागार्जुन सर को पहली बार विलेन की भूमिका में देखने के लिए हूं। यह सभी फिल्म प्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। ये इस बारे में नहीं है कि कौन जीतेगा, क्योंकि ये सिनेमा की जीत के बारे में है।'

# वन -फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट में मनीष पॉल की दमदार एंट्री



बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ मोशन पिक्चर्स की प्रस्तुति के साथ बहुप्रतीक्षित सिनेमाई स्पेक्टेकल वन - फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट को अब मिला है हाई-वोल्टेज बूस्ट, क्योंकि अब इसमें जुड़ गए हैं करिश्माई और बहुमुखी कलाकार मनीष पॉल। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की शानदार स्टारकास्ट में शामिल होकर, मनीष इस फिल्म में नया रंग भरने वाले हैं। दीपक मिश्रा और अरुणाभ कुमार द्वारा निर्देशित तथा एकता आर. कपूर, शोभा कपूर और अरुणाभ कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दहाड़ मारेगी। अपनी दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और सहजता से ह्यूमर व इमोशन के बीच स्विच करने की कला के लिए मशहूर मनीष पॉल इस बार 'ड्डा्ड्डा' में एक बेहद इंटेंस और लेयरड किरदार निभा रहे हैं — जो उनके चिर-परिचित हल्के-फुल्के अंदाज़ से बिल्कुल अलग है। मनीष पॉल की प्रतिभा से परिचित बालाजी टेलीफिल्म्स की संस्थापक एकता आर. कपूर कहती हैं, मनीष के पास एक नैचुरल चार्म और टाइमिंग की अद्भुत समझ है, फिर वो चाहे कॉमेडी हो या इमोशन। स्क्रीन पर उनके आते ही दर्शक उनकी एनर्जी से तुरंत जुड़ जाते हैं। हम 'वन' में उन्हें पाकर बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि उनका किरदार दर्शकों के लिए निश्चित ही एक सरप्राइज़ होगा। एकता कपूर के अलावा टीवीएफ के लेखक और निर्माता अरुणाभ कुमार ने भी मनीष पॉल की प्रशंसा करते हुए कहा, हम मनीष पॉल के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर बातचीत कर रहे थे और खुशी है कि हम शुरुआत उस प्रोजेक्ट से कर रहे हैं, जो हमारे दिल के बहुत करीब है। इस रोल के लिए हमारी पहली और एकमात्र पसंद मनीष थे, और एकता जानती थीं कि जो वह स्क्रीन पर ला सकते हैं, वह कोई और नहीं कर सकता।

# 'एस्पिरेंट्स' के सनी हिंदुजा अब बने आईएसआई एजेंट



पॉपुलर वेब सीरीज एस्पिरेंट्स का संदीप भैया का किरदार आज भी ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है। इस किरदार को निभाने वाले अभिनेता सनी हिंदुजा अब एक नए रोल में नजर आएंगे। वो वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के किरदार में दिखेंगे।

बातचीत में सनी हिंदुजा ने कहा एक्टर होता है तो भूखा होता है, मतलब हमेशा अच्छे रोल्स का इंतजार करता रहता है। मैं भी उसी कड़ी में हूं। अच्छे राइटर्स, अच्छे मेकर्स और अच्छे प्लेटफॉर्म्स के लिए इंतजार करना पड़ता है।

लोगों का प्यार गहरा होता है, भले नाम न जानें एक्टर ने आगे कहा कि ट्रोल्स के जो चुटकुले बनते हैं, उन्हें देखकर लगता है कि लोगों की मोहब्बत कितनी गहरी है। भले वे मेरा नाम भी सही से न जानते हों। कोई मुझे संदीप भैया बुलाता है, कोई 'सनी' ही समझ लेता है। अब कुछ लोग मुझे पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट समझ बैठे हैं, मजाक अलग है लेकिन ये भी एक तरह का प्यार ही है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें कभी ऐसा महसूस हुआ कि उन्हें वह रोल नहीं मिला जिसकी वे हकदार थे और क्या वे अभी भी उस खास मौके का इंतजार कर रहे हैं। इस पर सनी ने जवाब देते हुए कहा कि सच्चाई ये है कि मैं आज जिस पोजीशन पर हूं, वह बहुत खास है। इतना प्यार मिलता है कि मेरा पैशन और प्रोफेशन दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। अगर ये मुझे नहीं मिला होता, तो मैं बस एक्टिंग करता रहता, लेकिन इतनी जल्दी प्यार और पहचान मिलना मेरे लिए बड़ी खुशी की बात है।

### हर किरदार में देना चाहिए सर्वश्रेष्ठ

सनी ने यह भी बताया कि एक्टिंग में सही स्क्रिप्ट, टीम और रोल मिलना कितना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब आपको अच्छी स्क्रिप्ट मिलती है और रोल में जान डालने का मौका मिलता है, तो आपको वह काम पूरे दिल से करना होता है। चाहे वह आईएएस बनने की कोशिश कर रहा संदीप भैया हो या एक जासूस जैसा पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट, हर किरदार में आपको अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है।

# आगामी फिल्म में वायुसेना पायलट की भूमिका निभा सकते हैं कार्तिक आर्यन

अभिनेता कार्तिक आर्यन की आगामी फिल्म की चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे आगामी फिल्म कैप्टन इंडिया में वायुसेना पायलट की भूमिका निभाते दिखेंगे। कार्तिक आर्यन के हाथ निर्देशक शिमित अमिन की फिल्म लगी है, जिसमें वे पायलट का रोल करेंगे। शिमित अमिन के साथ कार्तिक आर्यन की यह पहली फिल्म होगी। बता दें कि शिमित को अब तक छप्पन और चक दे! इंडिया जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक और शिमित पिछले एक साल से बातचीत कर रहे थे। दोनों के बीच कई विषयों पर बातचीत चल रही थी। इसी बीच शिमित ने कार्तिक को कैप्टन इंडिया के बारे में बताया। उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी।

### 2026 में शूटिंग शुरू होने की संभावना

सूत्र ने आगे कहा, शिमित ने कैप्टन इंडिया के लिए एक शानदार स्क्रीनप्ले तैयार किया है। वे 2026 की पहली छमाही में कार्तिक के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। शिमित ने जब कार्तिक को फिल्म की कहानी सुनाई, तो एक्टर को भी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है।



# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस मनाया गया

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और तार्किक सोच से प्रबुद्ध एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव होगा-प्रेमचंद साव**

**बसना( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा,अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति रायपुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा रायपुर के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम के मार्गदर्शन एवं विज्ञान शिक्षक प्रेमचन्द साव के नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल में राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस मनाया गया। वैज्ञानिक चेतना को बढ़ावा देने और अंधविश्वास को दूर करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान शिक्षक प्रेमचन्द साव ने कहा कि अंधविश्वास,जो अक्सर अज्ञान और भय पर आधारित होते हैं, वैज्ञानिक प्रगति और सामाजिक विकास में बाधा डालते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और तार्किक सोच को



बढ़ावा देने से, हम एक अधिक प्रबुद्ध और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकते हैं।अंधविश्वास,जो वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित नहीं होते, समाज के विभिन्न पहलुओं पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। ये न केवल व्यक्तिगत जीवन में भ्रांतियां फैलाते हैं,बल्कि स्वास्थ्य,शिक्षा और सामाजिक विकास में भी बाधा डालते हैं।विज्ञान मानव के जीवन में गहरा प्रभाव डालता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने से प्रकृति के अनेक रहस्य को जाना जा सकता है। विज्ञान का प्रयोग मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। मानवों में वैज्ञानिक चेतना का विकास करके अंधविश्वास का समूल नाश किया जा सकता है। शिक्षा के उजियारे से अंधविश्वास पर करारी चोट हो रही है।अंधविश्वास को जड़ से खत्म करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विस्तार बेहद जरूरी है। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा रायपुर के सचिव प्रसिद्ध पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ.वॉय.के.सोना ने समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व चेतना विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान व कार्य करने हेतु शिक्षक प्रेमचन्द साव को बधाई प्रेषित किया गया।

## खबर-खास

### विभिन्न स्थानों पर फहराया तिरंगा



**नंदिनी अहिवारा ( समय दर्शन )।** ग्राम पंचायत नंदनी खुंदनी के पंचायत के प्रतिनिधियों ने ,ग्राम पंचायत भवन सहित,ग्राम के प्राथमिक शाला,पूर्व माध्यमिक शाला,उत्कृष्ट स्कूल स्वामी आत्मानंद एवं होनेस्टी पब्लिक स्कूल नंदनी खुंदनी एवं सीजी एकेडमी स्कूल में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती खुशबू घनश्याम यादव जी,ने अपने पंचायत के प्रतिनिधियों,उप सरपंच लोकेश जैन,पूर्व सरपंच घनश्याम यादव,पंचगण श्रीमती हष्मिता पटेल,श्रीमती राजकुमारी साहू,ओमप्रकाश साहू,मुकेश साहू,महादेव साहू,श्रीमती धनेश्वरी पटेल, श्रीमती शिला जांगड़े तारण दास गिधोड़े,सुरेश पाटिल,श्रीमती पार्वती जांगड़े,श्रीमती राधा पटेल,श्रीमती राजकुमारी पाल,तरुण जैन,श्रीमती पुन्नी साहू,श्रीमती रूपेश्वरी पाल,रामकली गोंड,जनक पाल,श्रीमती संतोषी निषाद, एवं जनपद सदस्य श्रीमती मंजू पाटिल एवं ग्राम के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


### गणेश शांति समिति की बैठक संपन्न,शांति पूर्ण त्यौहार मनाने कि दी हिदायत



**जांजीगर ( समय दर्शन )।** थाना बिर्रा में गणेश शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया,जिसमे लगभग 50 की संख्या मे 16 समिति की अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए जिसमें शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने कि हिदायत दी गई। मिली जानकारी के अनुसार बिर्रा थाना में क्षेत्र के किकिरदा,बसंतपुर,सिलादेही, गत्वा,तालदेवरी,करनौद सहित विभिन्न गांवों के गणेश समितियों का बैठक आज बिर्रा थाना प्रभारी जयकुमार साहू द्वारा लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार गणेश पंडाल मुख्य मार्ग में ना हो, सर्टिफाइड इलेक्ट्रीशियन से लाइट डेकोरेशन, फायर सेफ्टी, वालेंटियर्स, दिन व रात्रि पंडाल सुरक्षा के लिए सदस्यों का चयन, ष्ठछ्व व बड़े लाउड स्पीकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बजाने पर प्रतिबन्ध व बजाते पाए जाने पर ध्वनि कोताहुल अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही होने की जानकारी दिया गया उपस्थित जनों के द्वारा शांति पुर्ण गणेश उत्सव कार्यक्रम आयोजन करने की सहमति जताई गई।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने किया पदभार ग्रहण



**बालोद ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत जैन के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में बालोद जिले के सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और सभी लोगों ने यशवंत जैन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को सुबह से ही बालोद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटती रही। बाल अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री यशवंत जैन के पूजा अर्चना कर अपना पदभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन ने भरोसे के साथ महामंत्री पद का दायित्व सौंपा है। मैं अपना यह दायित्व प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर निभाऊंगा। भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ आगे बढ़ती रहे। सत्ता और संगठन बेहतर तालमेल के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास करते रहे ऐसा हमारा प्रयास रहेगा।

इस अवसर पर बालोद भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, राजा दीवान, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, अभिषेक शुक्ला, तोमन साहू, शाहिद खान, सौरभ लुनिया, गुण्डरदेही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन,इशाप्रकाश साहू, तेजराज साहू, सुरेंद्र देशमुख कमलेश सोनी, विनोद जैन मोनू, रामेश्वर साहू, कुलदीप साहू, रविन्द्र टेमरिया, सौरभ जैन,अभिन्न यादव ललित जैन आदि उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज को छत्तीसगढ़ राज्य के मंत्रीमंडल में मिली जगह

**पर्यटन संस्कृति , धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री की दी गई हैं राजेश अग्रवाल को जिम्मेदारी....**



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** अम्बिकापुर के लोकप्रिय विधायक राजेश अग्रवाल को दिनांक 20 अगस्त, 2025 छत्तीसगढ़ सरकार में हुए मंत्रीमंडल में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया हैं , उन्हें पर्यटन , संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री की जिम्मेदारी दी गई हैं । अब अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास और समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जायेंगे । राजेश अग्रवाल के छत्तीसगढ़ में कैबिनेट मंत्री बनने से प्रदेश के विकास में नई गति मिलने की उम्मीद हैं । वह छत्तीसगढ़ को प्रगति, समृद्धि और विकास की ओर ले जाने के लिए अपने अनुभव और समर्पण का उपयोग करेंगे । उनके नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को एक नई ऊर्जा और विश्वास मिलेगा । जांजगीर-चांपा जिले में राजेश अग्रवाल जी को जैसे ही कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की खबर लगी सभी एक-दूसरे को बधाई और शुभकामना दे रहे हैं । बधाई देना अग्रवाल के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होगी और उन्हें अपने कार्यों में और भी अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करेंगी।

**स्वदेश ज्योति परिवार की ओर से बधाईयां...**

लोकप्रिय हिंदी दैनिक स्वदेश ज्योति के जांजगीर-चांपा ब्यूरो चीफ पवन अग्रवाल तथा लेखक शशिभूषण सोनी जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा बधाई और शुभकामनाएं देना राजेश अग्रवाल जी के लिए एक बड़ा सम्मान हैं । इससे उनके कार्यों में और भी अधिक ऊर्जा और उत्साह आएगा और वह अपने क्षेत्र के विकास में और भी अधिक योगदान कर पाएंगे ।

### पति ने की पत्नी की हत्या, शव जंगल में फेंका

**कोरबा।** चैकी कोहली थाना बालको क्षेत्र से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक लाल रजटोड़े (35 वर्ष), निवासी लालपुर स्कूल पारा, महुला की उसके पति लालू बायस ने गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आरोपी ने पत्नी की हत्या करने के बाद शव को पास के जंगल में फेंक दिया और फरार हो गया।

# बननवागांव में दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम संपन्न, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** बननवागांव में गोविंद उत्सव समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया। समिति ने इस धार्मिक आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया, जिसमें ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंगलाचरण और भजन-कीर्तन के साथ हुआ। पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो गया। भक्तों ने राम नाम के जाप और धुनि में शामिल होकर भक्ति का आनंद लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देना था।

समिति की ओर से बताया गया कि यह रामधुनि का आयोजन लगातार किया जा रहा है और इसका लाभ समाज को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना है। कार्यक्रम में विभिन्न भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिससे माहौल और भी भक्तिमय बन गया।

कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार जेठमल ने किया। उन्होंने अपनी मधुर वाणी और सुगठित शब्दों से न केवल कार्यक्रम को जीवंत बनाया बल्कि श्रोताओं को भक्ति और संस्कृति के महत्व से भी अवगत कराया, उनकी संचालन शैली ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान ग्राम समिति ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ समाज में प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन में गांव की महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से वातावरण को मधुर बनाया, वहीं युवाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्था और अनुशासन में सराहनीय योगदान दिया। गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने इस आयोजन को समाज की एकता और परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया, उनका कहना था कि इस प्रकार के आयोजन न केवल हमें हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनते हैं।

दो दिवसीय रामधुनि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया।


**NAME CHANGE**

मैं पुष्पा जंघेल पिता रामकुमार जंघेल, उम्र 37 वर्ष निवासी 444, वॉर्ड न-7, राम जानकी मंदिर के पॉस, आर्य नगर कोहका, सुपेला भिलाई, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490023 में निवासरत हूं, मेरे आधार कार्ड तथा मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम पुष्पा जंघेल (Pushpa Janghel) दर्ज है।

मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पा (Pushpa) दर्ज हैं। वर्तमान में मेरे द्वारा अपना आधार कार्ड एवं पैन कार्ड का पुष्पा जंघेल (Pushpa Janghel) तथा समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों वाला नाम पुष्पा (Pushpa) को त्याग कर अपना नाम पिहु जंघेल (Pihu Janghel) रख लिया है एवं मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में तथा शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम पुष्पा जंघेल (Pushpa Janghel) एवं पुष्पा (Pushpa) से बदलकर पिहु जंघेल (Pihu Janghel) दर्ज करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**!! न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग छ.ग.!!**

**// ईश्तहार//**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2025

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रश्मि वर्मा पिता नरसिंग प्रसाद वर्मा निवासी बठेना तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्वयं रश्मि वर्मा पिता नरसिंग प्रसाद वर्मा का जन्म दिनांक 14.05.2003 को ग्राम बठेना तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक रश्मि वर्मा पिता नरसिंग प्रसाद वर्मा निवासी बठेना तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 27/08/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2025 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, दुर्ग (छ.ग.)**
**पता - नया बस स्टैण्ड के पीछे, दुर्ग**
**फोन&फैक्स नम्बर- 0788-2322148 Email ID- durgmc2019@gmail.com**

**-: विज्ञापन :-**

क्रमांक /424/3 /रा.वि.बा./ 2025    दुर्ग, दिनांक 18/08/25

नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्रान्तर्गत राजेन्द्र पार्क के समीप स्थित निर्मित रिक्त 03 दुकानो/गुमटी क्रमांक 07, 08, 10 का अस्थाई मासिक किराये पर दिये जाने हेतु बंद लिफाफे में ऑफर दिनांक 02.09.2025 को 5.30 बजे (कार्यालयीन अवधि) तक नगर पालिक निगम कार्यालय में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक 03.09.2025 को समय 04 PM बजे उपस्थित ऑफरकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त किया जावेगा। निविदा सीधे कार्यालय में नही लिया जावेगा, निविदा प्रपत्र मूल्य 300/-रू. निर्धारित है।

01. दुकानों/गुमटी का प्रारंभिक अस्थाई मासिक किराया 5,000/-रू. मासिक होगा, जिसे अमानत राशि के रूप में डी.डी./ एफ.डी.आर. बनाकर जमा करना होगा। अधिकतम मासिक किराया राशि स्वीकार योग्य होगा। जिसे प्रतिमाह निगम में जमा करना होगा। स्वीकृत अस्थाई किराये की राशि में आबंटन दिनांक से प्रत्येक 11 माह पश्चात 10% बढोत्तरी होगी।, 02. दुकान/गुमटी आबंटन स्वीकृति पश्चात 4,00,000/- नगद/चेक के रूप में जमा करना होगा। अमानत राशि के रूप में जमा की गई 5,000/- राशि का समायोजन किया जाकर शेष 3,95,000/- एवं अधिकतम किराये की राशि जिसे निगम द्वारा स्वीकृत किया गया हो, दिनांक से एक सप्ताह के भीतर जमा करने के उपरांत अनुबंध कराना होगा। अस्थाई किराये की राशि जमा नही करने एवं गुमटी क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में अमानत राशि से भरपाई की जावेगी, फिर भी किराये शेष होने पर पृथक से राशि जमा करना होगा, एवं किराये के दुकान/गुमटी से बेदखल किया जावेगा।, 03. अनुबंध में किरायेदार का पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य है।, 04. दुकान के लिए एक परिवार से एक ही आवेदन मान्य होगा।, 05. आवेदक को दुर्ग निगम सीमा क्षेत्र का निवासी होना चाहिए।, 06. आवेदक को आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा, 07. दुकानों/गुमटी का आबंटन मासिक किराये पर किया जावेगा। अधिकतम बोलीदार को दुकान/गुमटी अस्थाई किराये पर दिया जावेगा।, 08. दुकान/गुमटी की मरम्मत एवं सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी किरायेदार की होगी।, 09. किसी अन्य को अस्थाई किराये में नही दिया जायेगा।, 10. किराये पर दुकान/गुमटी संबधी कार्यवाही में दुकान/गुमटी किराये में दिये जाने की प्रकिया को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत का अधिकार नगर निगम, दुर्ग में निहित होगा। दुकान/गुमटी किराये पर दिये जाने अनुबंध करना होगा।, 11. नगर पालिक निगम, दुर्ग को उक्त दुकान/गुमटी की आवश्यकता होने पर दुकान/गुमटी रिक्त कराया जा सकेगा, एवं अमानत राशि वापस कर दी जावेगी।, 12. दुकान/गुमटी पर स्वामित्व नगर निगम दुर्ग का रहेगा! आबंटिती को दुकान/गुमटी में स्वत्वाधिकार प्राप्त नही होगा। उसे दुकान/गुमटी में नामजाद व्यवसाय हक प्राप्त होगा। दुकान/गुमटी को किसी प्रकार बय बक्शीस या रहन नही करायेगा, तथा उस पर या उसके जमानत पर किसी प्रकार का सुविधा निगम के पूर्व अनुमति के बिना प्राप्त नही करेगा। उपकिरायेदार मान्य नही होगा।, 13. देशी विदेशी शराब दुकान, गांजा, भांग, विस्फोटक सामग्री, होटल रेस्टारेंट जिसमें कोयला लकडी का उपयोग हो अथवा कर्मशाला या कारखाना वर्कशाप व्यवसाय प्रतिबंधित रहेगा।, 14. आबंटिती (किरायेदार) को कानून प्रतिबंधित कोई भी कार्य अथवा व्यापार करने का अधिकार नही रहेगा। 15. आबंटित दुकान/गुमटी के बाहर बरामदा व सडक पर सामान नही रखेगा तथा आवागमन में किसी प्रकार अडचन व अवरोध उत्पन्न नहीं करेगी।, 16 दुकान/गुमंटी में विधुत फीटिंग एंव विधुत मीटर आबंटिती के स्वयं के व्यय से करना होगा। परंतु विधुत अनापत्ति निगम से प्राप्त करना होगा। 17. आबंटिती को अपने स्वंय के व्यय पर दुकान/गुमटी का वार्षिक साफ सफाई रंगाई पोताई मरम्मत करना होगा। दुकान/गुमटी में सभी दुकानदारों के एक ही रंग का उपयोग करना होगा, 18. आबंटन क्षेत्रफल के दुकान/गुमटी में ही व्यवसाय अधिकार प्राप्त होगा। इससे अधिक क्षेत्र का उपयोग अन्याक्रातिं माना जावेगा और वह बेदखली योग्य होगा।, 19. प्रत्येक माह दुकान/गुमटी का निर्धारित मासिक किराया की राशि उस माह की एक तारीख से 10 तारीख तक बतौर अग्रिम देय होगी। आबंटिती (किरायेदार) का दायित्व होगा। कि वह निगम कार्यालय मे जाकर किराये की रकम पटाकर रसीद हासिल करे, नियत तिथि तक किराये की रकम का भुगतान नही करने पर उस रकम पर 10 प्रतिशत अधिभार शुल्क देय होगा।, 20. आबंटिती को दुकान/गुमटी पर आरोपित निगम के सफाई कर सामान्य जलकर एवं यूजर चार्ज, अन्य कर नियमानुसार होगा। जो मासिक किराया के अतिरिक्त देय होगा।, 21. आबंटिती के आबंटन अवधि में निगम के निर्देशों आदेशो का समुचित पालन करना होगा।, 22. अनुबंध की एक या अनेक शर्तो पर उल्लधन होने पर किराया तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी और आयुक्त द्वारा नोटिस देकर दुकान/गुमटी का रिक्त कब्जा प्राप्त कर सकेगा। और इससे होने वाले हर्जे-खर्चे का भागीदार आबंटिती होगा।, 23. किराया आबंटन शर्ते के अतिरिक्त छत्तीसगढ नगर पालिक निगम अधिनियम में प्रावधानित धाराओं के तहत भी कार्यवाही की जावेगी।, 24. उपरोक्त शर्तो के शब्दो, उनकी व्याख्या में कोई असंगति हो या उस पर मतभेद हो तो इस संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग का निर्णय अंतिम एंव सर्वमान्य होगा।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, दुर्ग**

# लो हो गया मंत्रिमंडल विस्तार, बिलासपुर को नहीं मिला कोई उपहार

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहले कार्यकाल में दूसरा मंत्रिमंडल विस्तार हो ही गया। दूसरा इसीलिए की जब मुख्यमंत्री ने शपथ ली थी तो दो डिप्टी सीएम की शपथ ही हुई थी। तीन नये मंत्री खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल और गजेंद्र यादव के रूप में तीन विधायक मंत्री बने और मंत्रिमंडल अब 14 का है, अर्थात पूरा एक भी स्थान खाली नहीं।

इसी बीच कई बार ऐसी भी चर्चा रही की कार्य समीक्षा उपरांत खराब प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों का विभाग बदला जा सकता है। कुछ को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है पर यह सब प्रयास नहीं गॉसिप सिद्ध हुआ। तीन विधायक को मंत्री बने उनका नाम 5 दिन से खबरों में पक्का हो रहा था कोई संदेश किसी को नहीं था।

अब बात बिलासपुर जिले की करते हैं बिलासपुर की उपेक्षा हो गई पहले यहां से सीएम हुआ करता था अजीत जोगी, फिर कैबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष इसके पहले तो सीएम और विधानसभा अध्यक्ष दोनों बिलासपुर जिले से ही थे। मरवाही विधानसभा से सीएम और कोटा विधानसभा से अध्यक्ष खैर पुराने मेकअप को याद करके आज जिले की राजनीति उपेक्षा पर आंसू बहाना गलत है, क्योंकि मतदाता को परिपक्क माना जाता है और उसने अपने विधायक के रूप में जिन्हें चुना वे मंत्री पद के लायक है इस पर मुख्यमंत्री के निर्णय को कोई चुनौती तो नहीं दे सकता, प्रश्न उठता है कि यदि प्रथम बार विधायक बना व्यक्ति मंत्री बन सकता है तो वह बिलासपुर जिले से क्यों नहीं हो सकता....

बेलतरा से तो प्रथम बार टिकट पाई और जीत भी गए तो यह योग्यता छोटी तो नहीं है और फिर बेलतरा विधायक का विधानसभा सत्र में प्रदर्शन भी अच्छा रहता है।

अपनी ही सरकार को कई बार आईना दिखाते हैं। एशिया का सबसे बड़ा ब्लॉक का खिताब रखने वाला बिल्हा और उसके विधायक समर्थक तो बिल्हा से छत्तीसगढ़ का सीएम बनेगा का दावा करते थे। ओबीसी की राजनीति के धूरी है। महोदय पीएम कार्यालय तक नाम की चर्चा है जब कभी भी बिलासपुर जिले में मोदी जी की सभा होती है तो बिल्हा विधानसभा का नाम लिया जाता है। फिर क्या कारण की सीधे विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ के क्या बिल्हा विधायक को मंत्री के लायक नहीं मानते जो पूरी विधानसभा का संचालन करता हो क्या वह एक मंत्रालय के लायक भी नहीं है। यही सीएम कांग्रेस कार्यकाल में इतनी मनमानी करते तो पार्टी में प्रतिस्पर्धा खेमा मोर्चा खोल देता पर यहां तो वोट चोरी से बनी सरकार के विधायक अंदर से डरते हैं की जिसने जिताया है वह जनता नहीं और रिंग मास्टर जो दिल्ली में बैठा है उसकी नजर टेढ़ी हो गई तो गायब होने में टाइम नहीं लगता उदाहरण धनकर का है। अर्स से फर्श और फर्श से लापता इसीलिए उपेक्षित धुरंधर अग्रवाल भी लामबंद नहीं हो पाते और विधानसभा सत्रों में सब की बोलती बंद करने वाले अजय सामान्य राजनीति में चुप हो जाते हैं। अब किस कब कोई मौका मिलेगा लगता नहीं आगामी विधानसभा चुनाव के पहले मंत्रिमंडल फेरबदल केवल समाचार पत्रों का विषय होगा।

## संक्षिप्त-खबर


### महाविद्यालय में स्वच्छता पर शपथ



**रानीतराई ( समय दर्शन )।** स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय, रानीतराई में स्वच्छता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार मिश्रा के निर्देशन और कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रेश्मी वासनीकर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को अपने कार्यस्थल, मोहल्ले, घर, गांव एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल सुंदरता बढ़ाता है, बल्कि बीमारियों से बचाव का भी प्रमुख साधन है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक चंदन गोस्वामी, श्रीमती शगुफ्ता सिद्दीकी, श्रीमती अंबिका ठाकुर बर्मन, श्रीमती आराधना देवांगन, सुश्री रेणुका वर्मा, अतिथि व्याख्याता टीकेश्वर कुमार पाटिल, वेणु कुमार साहू, तथा सुश्री शिखा मड़रिया सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सहकारी बैंक की एजीएम 22 को, एजेंडा नहीं पता



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित

- सूचना पत्र -

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हस्ताक्षर से 18.8 की आम सूचना 19.8 के एक दैनिक अखबार में छपी, सूचना रहती है कि बैंक का 111 वार्षिक साधारण आम सभा एजीएम दिन शुक्रवार को 12:00 बजे बैंक सभा कक्ष में होगी। अंश धारीयों, प्रतिनिधि सदस्यों को इसकी सूचना 6.8.2025 को प्रेषित की गई। आम सभा का एजेंडा क्या है यह जानकारी आम सूचना में प्रकाशित नहीं हुई। बैंक के नोटिस बोर्ड पर भी एजीएम की सूचना उपलब्ध नहीं है। प्रबंधन कहता है कि सूचना तो अंश धारी और सदस्यों के लिए है सहकारी बैंक का विस्तार 6 जिलों में है। माना जा सकता है कि उनके अंश धारी भी कम से कम 6 जिलों के होंगे। ऐसे में एजीएम बैठक की सूचना एक दैनिक अखबार के अंदर के पेज पर वह भी छोटा आकार में पर्याप्त तो नहीं कहा जा सकता।

### स्कूल शौचालय जमीन में धंसा

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** नगर के वार्ड नंबर 8 अंतर्गत शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला परिसर में स्थित बालक प्रशाधन कक्ष बीती रात के बारिश के बाद जमीन में धस गया।सुबह लोगो ने इसे आधा धसा हुआ देखा, इस दौरान वन्हा पहुँचे पालक लोग अपने बच्चो को लेकर भी चिंतित नजर आये बताया की अच्छा हुआ की कोई बालक अंदर नहीं था नहीं तो बड़ी घटना हों जाती। उल्लेखनीय है की 2015-16 में निर्मित यह भवन ज्यादा उपयोग में नहीं आ रहा था। इस परिसर में इस प्रशाधन कक्ष सहित लगभग 4 कक्ष बने हुए हैं,परन्तु उपयोग केवल एक या दो ही हों रहाँ हैं। लगता हैं की जैसे इस स्कूल में सारे योजनाओं से प्रशाधन कक्ष वरियता में बनाया गया। शिक्षको को यंहा शौचालय निर्माण कराते भी देखा गया हैं। धराशाही प्रशाधन कक्ष उसके सेप्टिक टैंक के ऊपर ही बनवाया गया था जबकि ऐशा शौचालय बनाना ही नहीं हैं ड्राइंग डिजाइन अलग होने के बावजूद शिक्षक दो पैसे बचाने के चक्कर में ऐसे ही भवन बनाते हैं। कई शिक्षक तो बकायदा ठेकेदार की तरह शौचालय बनाने का कार्य कर रहे थे। संकुल समन्वयक छन्नूलाल सिंहा ने बताया की इस शौचालय भवन का निर्माण कॉल इण्डिया लिमिटेड द्वारा कराया गया था। इसी सत्र में पास ही एक और शौचालय बना हुआ हैं।



## भारत से वैश्विक मंच तक: डॉ.नीरज चंद्राकर को अंतरराष्ट्रीय सलाहकार पद

### रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स एंड फिज़ीशियन्स ने चुनिंदा वैश्विक विशेषज्ञों में किया चयन



**रायपुर ( समय दर्शन )।** वरिष्ठ मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिस्ट और इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर, जो रायपुर, छत्तीसगढ़ से हैं, को रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स एंड फिज़ीशियन्स ग्लोसगो, यू.के. ने अंतरराष्ट्रीय सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है। इस गौरवपूर्ण पद के लिए विश्वभर से अनेक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से डॉ. चन्द्राकर को चुनिंदा कुछ विशेषज्ञों में शामिल करते हुए चयनित किया गया। यह मान्यता उनके चिकित्सा और दंत चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान,अंतरराष्ट्रीय अकादमिक यहयोग को बढ़ावा देने, और क्लिनिक उत्कृष्टता की दिशा में उनके सतत प्रयासों का प्रमाण है।

अपनी नियुक्ति पर डॉ. चंद्रकार ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और सम्मान का विषय है। मैं इस अवसर का उपयोग भारत और वैश्विक चिकित्सा समुदाय के बीच सेतु निर्माण, ज्ञान-विनिमय को प्रोत्साहित करने और रोगी देखभाल के उच्च्च मानकों को आगे बढ़ाने के लिए करूंगा। अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों और शुभचिंतकों के निरंतर समर्थन व शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभारी हूं।

## भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा का पाटन ब्लॉक में जगह जगह किया स्वागत





### भाजपा के प्रदेश मंत्री बनने के बाद प्रथम बार पाटन आगमन पर भाजपाइयों में खुशी की लहर

**पाटन ( समय दर्शन )।** भाजपा के प्रदेश संगठन में मंत्री बनाए जाने के बाद पाटन के भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा पहली बार पाटन पहुंचे । उनके पाटन आगमन पर आज भाजपाइयों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। भाजपा प्रदेश संगठन जितेंद्र वर्मा के साथ गाड़ियों का काफिला चल रहा था। ग्राम पतोरा से स्वागत का सिलसिला शुरू हुआ जो पाटन तक सभी ग्रामों में चलता रहा। सेलूद में हर्षा चंद्राकर, खेमलाल साहू, लोकमणि चंद्राकार के नेतृत्व में स्वागत किया गया। गोडपेंडरी में जनपद सदस्य दुनेश्वर मानकुर के नेतृत्व में स्वागत किया। जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने सभी भाजपा समर्थित जनपद सदस्यों के साथ जनपद पंचायत पाटन के सामने स्वागत किया। स्वामी आत्मानंद चौक पाटन में नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी सहित नगर पंचायत के भाजपा समर्थित सभी पार्षद ने और सरपंच संघ अध्यक्ष विनय चंद्राकर ने अपनी टीम के साथ श्री वर्मा का स्वागत किया। पुराना बाजार चौक पाटन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री वर्मा का फूलों से स्वागत किया। इसके बाद कालेज रोड पाटन में व्यापारियों के द्वारा भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा का स्वागत किया। पाटन के गलियों में भ्रमण के बाद भाजपाई रेस्ट हाउस पाटन में एकत्र हुए। यहां पर एकाएक कार्यकताओं से भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने चर्चा किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राज्यपाल गोदग्राम बिजली में हुआ स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिले के फिंगेश्वर विकासखण्ड के अंतर्गत राज्यपाल के गोद ग्राम पंचायत बिजली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर बिजली में आज एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें आमजनों ने बढ़चढ़ कर स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान में हिस्सा लिया ।इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक उपचार से लेकर विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया गया ।शिविर में जिले के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा महिलाओं, बच्चों,बुजुर्गों एवं युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई ।इस अवसर पर कलेक्टर बी.एस उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** मोहननगर पुलिस थानांतर्गत एफसीआई गोदाम के पास जल कलश के सामने तेज रफ्तार कार की ठोकर से ई-रिक्शा चालक जनक साहू 32वर्ष पिता बलराम साहू वार्ड-15 सिकोला बस्ती निवासी की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार की दोपहर की है। घटना के बाद से कार का लापरवाह चालक फरार है। मोहननगर पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात कार चालक की तलाश शुरु कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ई-रिक्शा चालक जनक साहू मंगलवार की दोपहर ई-रिक्शा लेकर एफसीआई गोदाम की ओर जा रहा था। वह जलकलश के पास पहुंचा था, तभी एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को जबरदस्त ठोकर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक जनक साहू को गंभीर चोंटे आई। फलस्वरुप उसे स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस सेवा से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सक द्वारा जनक साहू को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया है कि हादसा होने पर कार के चालक द्वारा स्वयं एम्बुलेंस को फोन कर मदद के लिए बुलाया गया था। घायल जनक साहू को एम्बलेंस से अस्पताल ले जाते समय कार का चालक एम्बुलेंस के पीछे पीछे आ रहा था, लेकिन कार का चालक अचानक फरार हो गया। कार के चालक अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। जिससे मृतक जनक साहू के परिजनों में आक्रोश का माहौल है। बहरहाल, मोहननगर पुलिस द्वारा घटना के लिए दोषी अज्ञात कार चालक की तलाश की जा रही है।

## बस 1 रुपये में...स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल लाया नया प्लान




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल ने 'फ्रीडम प्लान' पेश किया है जिसमें नए उपभोक्ता मात्र 1 रूपए में सिम कार्ड और एक महीने तक 4जी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं,ये ऑफर 1-31 अगस्त तक उपलब्ध है ।स्वतंत्रता दिवस को लेकर लोगो के दिल में एक अलग ही देशभक्ति की भावना उमड़ जाती हैं ।इसी के तहत इस बार बीएसएनल भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर बहुत कुछ खास अपने उपभोक्ताओं के लिए लेकर आया है,इस बार बीएसएनल स्वतंत्रता दिवस पर मात्र एक रुपए में बीएसएनएल उपभोक्ताओं को सिम इस्तेमाल करने का मौका दे रहा है।

दरअसल बीएसएनएल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नए उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष फ्रीडम प्लान पेश किया है, जिसमें उपभोक्ता हाल ही में शुरू हुई बीएसएनएल 4ज सेवाओं का मात्र एक रुपए में एक महीने तक अनुभव ले सकते हैं ।जानकारी के अनुसार, बीएसएनएल की इस योजना के तहत उपभोक्ता केवल ?1 रुपये खर्च कर नया सिम कार्ड प्राप्त कर सकते हैं.खास बात यह है कि इस ऑफर का लाभ बीएसएनएल ऑफिस से लिया जा सकता है और यह योजना सीमित समय के लिए लागू की गई है. इसका लाभ नए उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर होगा ओर इस योजना से उपभोक्ताओं में खुशी की लहर है ।ज्ञात हो कि बीएसएनएल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नए उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष 'फ्रीडम प्लान' पेश किया है,जिसमें उपभोक्ता हाल ही में शुरू हुई बीएसएनएल 4जी सेवाओं का मात्र एक रुपए में एक महीने तक अनुभव ले सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस प्लान के अंतर्गत ग्राहकों को मुफ्त सिम उपलब्ध कराया जाएगा और इसमें उपभोक्ता एक महीने तक प्रतिदिन 2 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग का आनंद ले सकते हैं.यह ऑफर 1 अगस्त लेकर 31 अगस्त तक उपलब्ध है।

नेटवर्किंग जो वर्तमान में सभी कंपनियों के नेटवर्किंग चार्ज आसमा छू रहा है ऐसे में स्वदेशी नेटवर्क बी एस एन एल लोगो के लिए लेकर आया है एक महीने का मुफ्त सिम के साथ मुफ्त डाटा और काल जो कि 31 अगस्त तक दिया जा था है ।ज्ञात हो कि वर्तमान समय में लोग के लिए नेटवर्क सुविधा अतिआवश्यक सेवा के रूप में हो चुका है,इसके साथ ही नेटवर्कों की बढ़ती महंगाई से लोगो की चिंता बढ़ी हुई है,इस चिंता को कम करने स्वदेशी नेटवर्क कंपनी बी एस एन एल नए ऑफर में लोगो को सुविधा प्रदान करने मुफ्त में नए सिम लेने पर एक माह तक तक प्रतिदिन दो जीबी डाटा अनलिमिटेड कॉल के साथ मुफ्त एस एम एस की सुविधा दे रही है ।इसके साथ ही एक माह को मुफ्त सुविधा के बाद उस सिम पर 499 रुपए में 84 दिन के लिए चार्ज जारी होगा जो निजी कंपनी के सिम से काफी कम चार्ज होगा।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपियों को किया गया गिरतार

**गरियाबंद।** 20 अगस्त को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि, ग्राम मालगांव में वीर सेंन द्वारा अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध बिक्री करने हेतु कच्ची महुआ शराब रखा है।इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम तैयार कर मौके पर जाकर घेराबंदी किये,मौके पर वीर सेंन अपने घर पर मिला जिसके घर बाड़ी की तलाषी करने पर 2 सफेद रंग की जरकीन में कुल 10 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला।उक्त 10 लीटर कच्ची महुआ शराब को विधिवत गवाहें के समक्ष आरोपी बीर सिंग सेंन से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपी वीर सेंन पिता स्व0 ऋषि सेन उम्र 22 वर्ष निवासी मालगांव थाना व जिला गरियाबंद छ0ग0 के विरूद्ध धारा 34(2) छ0ग0 आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## छपोरा नरियरा बिजली स्टेशन में लगातार कटौती से ग्रामीण परेशान




### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, समाधान की उठाई मांग

**सक्ती ( समय दर्शन )।** जिले के छपोरा नरियरा बिजली सब स्टेशन क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रोज़ाना घंटों बिजली गायब रहने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर किसानों, छात्रों और छोटे व्यापारियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कभी भी आ जाती है और कभी भी कट जाती है, जिससे ना तो सिंचाई हो पा रही है, ना ही बच्चों की पढ़ाई। घरों में पानी की किल्लत बढ़ गई है क्योंकि मोटर नहीं चल पा रहे। दुकानदारों ने बताया कि लगातार बिजली जाने से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है, और इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं।

स्थानीय निवासीयों ने बताया, की हमने कई बार बिजली विभाग को शिकायत की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बारिश के मौसम में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, नहीं तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### बिजली विभाग का क्या कहना है?

जब इस विषय पर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने तकनीकी खराबी और ट्रांसमिशन लाइन में समस्या का हवाला देते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन और बिजली विभाग कब तक इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकालते हैं, ताकि छपोरा और नारियारा स्टेशन आसपास के गांवों को राहत मिल सके।

## झोलाछाप पटेल डॉक्टर की क्लिनिक सील, तहसीलदार और बीएमओ की संयुक्त कार्यवाही



**बिर्रा ( समय दर्शन )।** लंबे समय से बिर्रा क्षेत्र में अवैध रूप से क्लिनिक संचालित कर रहे झोलाछाप पटेल डॉक्टर पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को तहसीलदार एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (ब्लब्ह) की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसकी क्लिनिक को सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार, आरोपी झोलाछाप बिना किसी मान्यता प्राप्त डिग्री के वर्षों से इलाज कर रहा था। न केवल वह सामान्य बीमारियों का इलाज करता था बल्कि ग्लूकोज़ चढ़ाने से लेकर छोटे ऑपरेशन तक करता था। शिकायतों के आधार पर कई बार कार्यवाही की मांग उठी थी, लेकिन अब जाकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई।

कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि ऐसे फर्जी डॉक्टरों के कारण मरीजों की जान जोखिम में रहती है।

तहसीलदार ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन और बिना मेडिकल डिग्री क्लिनिक चलाना गंभीर अपराध है। इस प्रकार की गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं बीएमओ ने कहा कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और आगे भी ऐसे फर्जी क्लीनिकों को बंद किया जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर सिर्फ क्लिनिक सील करने तक ही सीमित न रहकर, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाए ताकि भविष्य में कोई भी मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ न कर सके।

*तहसीलदार की उपस्थिति में बिर्रा स्थित श्रीराम क्लिनिक को सील किया गया है।*
*अजम्भर सिसोदिया*
*बीएमओ बम्हनीडीह*

## भिलाई शहर में चल रहे कार्यों के बेहतर व्यवस्था हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

**भिलाईनगर( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें वृक्षारोपण, ई-आफिस प्रणाली, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की प्रगति, सिटी डेवलपमेंट प्लान, आगामी माह से रजत जयंती महोत्सव, मौसमी बिमारियों के नियंत्रण, जलकर वसुली, प्लास्टिक मुक्त अभियान, नशे के खिलाफमुहिम, अतिक्रमण एवं कलेक्टर टी.एल. सहित जनदर्शन जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

निगम आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व के जमीन में सागौन, महोगनी जैसे कीमती पौधों का वृहद रोपण कराये जाने के संबंध में चर्चा की गयी। जिससे जमीन को सुरक्षित करते हुये हरियाली को बढ़ाने के साथ निगम के राजस्व में वृद्धि की जा सके। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण को विशेष प्राथमिकता देते हुए कार्य करना है। इसके लिए मकान मालिको एवं दुकान संचालकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए प्रेरित करना है। चयनित एजेंसियों से प्रति दिवस की प्रगति चाही गई है। जोन 1, जोन 2 एवं भवन अनुज्ञा शाखा में किये गये निविदा अनुसार रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किये हैं । सिटी डेवलपमेंट प्लांन में शामिल कार्यो को वेब साईट में अपलोड कर जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिको से सूझाव एवं दावा अपत्ति मंगायी गयी है। रजत जयंती छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जो आगामी माह से किया जाना है। मौसमी बिमारियों के रोकथाम हेतु घर-घर एवं गली मोहल्लो में विशेष साफ-सफाई, दवाई छिड़काव अभियान चलाया जाना है।

निगम आयुक्त के अनुसार निगम भिलाई से जो हितग्राही/परिवार नल कनेक्शन लिए है, उनको जलकर जमा करना अनिवार्य है। जलकर की वसूली में कमी को देखते हुये एजेंसी नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गयी संबंधित कार्य हेतु जलकर विभाग से निविदा किया जाना है। जलकर जमा नहीं करने वालो पर कार्यवाही किया जाना है। शहर में 50 माईक्रोन से नीचे पालीथीन ब्रिकी/इस्तेमाल करने वालो के खिलाफकार्यवाही किया जाना है। प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने निरंतर अभियान चलाया जाना है।

निगम क्षेत्र में 12548 लीज होल्डर्स है, जिसका जोनवार सूचीबद्ध कर मानिटरिंग करना है। राजस्व की जमीन के साथ नजूल की जमीन को सुरक्षित करना है, जोनवार सूचीबद्ध रहेगा, जिससे शासकीय कार्य में जमीन का सदुपयोग हो जाए। तालाबों का सीमांकन को प्रथामिकता से किया जाये, जिससे अवैध कब्जा या अतिक्रमण हटाया जा सके। निगम में संचालित वाहनो का किराया निर्धारण की प्रक्रिया को तत्काल किया जाना है, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो। इलेवेटर, जे.सी.बी, जैसे वाहनों की प्रति घण्टा या प्रति दिवस लागत की गणना कर किराया निर्धारित किया जाएगा। जिससे वाहनों को निजी या एजेंसी को किराये में दिया जा सके।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23